दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। गुरुवार 16 अक्टूबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 297 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की दूसरी लिस्ट जारी, मैथिली ठाकुर को मिला टिकट



**पटना।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस सूची में 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर और आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा का है।

बीजेपी ने युवा और चर्चित चेहरों पर दांव खेलते हुए मैथिली ठाकुर को अलीनगर विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि तेज-तर्रार आईपीएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाने वाले आनंद मिश्रा को बक्सर से टिकट दिया गया है। इस सूची में अनुभवी नेताओं के साथ-साथ नए चेहरों को भी मौका देकर पार्टी ने एक संतुलित रणनीति का संकेत दिया है।

**छपरा से छोटी कुमारी को टिकट :** भाजपा ने छपरा से छोटी कुमारी को टिकट दिया है। इसके अलावा, आरक्षित सीटों पर भी उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है, जिसमें रोसड़ा (एससी) से बीरेंद्र कुमार और अगिआंव (एससी) से महेश पासवान को मैदान में उतारा गया है।

**किसका टिकट कटा? :** बीजेपी ने कुसुम देवी का टिकट काटा है। उनकी जगह गोपालगंज से सुभाष सिंह को टिकट दिया गया है। इसके अलावा बाढ़ से ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का टिकट कटा है।




## एयर प्रदूषण में नंबन वन आने पर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने जताई चिंता
### तीन बार दोहराया, उत्तर प्रदेश नहीं गाजियाबाद भारत में नंबन वन आया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक अखबार में वायु प्रदूषण के मामले में गाजियाबाद के नंबर वन होने की खबर आई तो इस खबर पर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शहरवासियों को बधाई दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि शहर एयर पॉल्यूशन में नंबर-वन आया। प्रदूषण में नंबर-वन आने पर गाजियाबाद की जनता को बधाई है।

मामला पॉल्यूशन का है और अशु वर्मा नगर निगम के मेयर रहे हैं, ऐसे में वो पॉल्यूशन को लेकर क्यों बधाई दे रहे हैं, इस रहस्य को जानने के लिये दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व मेयर अशु वर्मा से बात की। आखिर वो प्रदूषण वाली बात पर क्यों ताना दे रहे हैं। यहां उनकी मिश्रित प्रक्रिया थी, क्योंकि एक तरफ वो शब्दों से बधाई दे रहे हैं और दूसरी तरफ इसी पोस्ट में रोने वाली इमोजी भी लगा रहे हैं।



दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि मैंने एक अखबार पढ़ा और इस अखबार के स्थानीय पेज पर प्रदूषण को लेकर समाचार था। उन्होंने एक बार नहीं बल्कि तीन बार ये दोहराया कि गाजियाबाद केवल उत्तर प्रदेश का ही नहीं बल्कि भारत का नंबर-वन शहर वायु प्रदूषण के मामले में बना है। यहां की हवा ऐसी हो गई है कि सांसों पर संकट आ गया है। उन्होंने अपनी पोस्ट को लेकर कहा कि मैं इस रिपोर्ट को पढ़कर बेहद विचलित हुआ हूं और शहर हमारा है, हम शहर के हैं, इसलिये मैंने इसे फेसबुक पर साझा किया है।

उन्होंने कहा कि अब जिम्मेदार लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को अब पॉल्यशन का सॉल्यूशन तलाशना होगा। ये केवल मेरी नहीं बल्कि शहर के हर जिम्मेदार नागरिक की पीड़ा है। जब उनसे वायु प्रदूषण के पीछे कौन जिम्मेदार वाला सवाल हुआ तो उन्होंने पहले बड़ी आसानी से ये बॉल पीडब्ल्यूडी की तरफ सरकायी। उन्होंने पहले पीडब्ल्यूडी को जिम्मेदार बताया फिर जिला प्रशासन पर निशाना साधा और इसके बाद उन्होंने नगर निगम को भी जम्मेदार बताया। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि हालांकि नगर निगम धूल से बचने के लिये छिड़काव करा रहा है, मगर इतना काफी नहीं है। टूटी हुई सड़कों से उड़ने वाली धूल को उन्होंने पॉल्यूशन का पहला प्रमुख कारण बताया। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदूषण का दूसरा सबसे बड़ा कारण सड़कों के किनारे पड़ीं धूल और मिट्टी है। वहीं तीसरा सबसे बड़ा कारण वाहन प्रदूषण है। उन्होंने टूटी सड़क, उड़ती धूल को बड़ा कारण बताया।

> Ashu Kumar Verma
> 11h ·
> बधाई - देश मे पहले नम्बर पर है हमारा शहर गाजियाबाद , प्रदूषण में, सांसों पर संकट 😭

### बोले पूर्व मेयर-कंस्ट्रक्शन और औद्योगिक कारण से नहीं बढ़ा प्रदूषण

**करंट क्राइम।** यहां पर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने ये कहा कि अब गाजियाबाद में औद्योगिक प्रदूषण नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पर कई तकनीक के जरिये काबू पाया जा चुका है। औद्योगिक क्षेत्र में अब औद्योगिक इकाईयां भी इसका ध्यान रखती हैं। वहीं उन्होंने कहा कि ग्रैप्स लागू करने की बात होती है, लेकिन मैं बता दूं कि बहुत ज्यादा निर्माण भी गाजियाबाद में नहीं हो रहा है। ऐसे में औद्योगिक इकाईयों और कंस्ट्रक्शन के कामों को दोष नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का कारण केवल हरियाली का ना होना है और सड़कों के किनारे धूल-मिट्टी पर काबू पाना है।

# सावधान! पनीर पहुंचा न दे अस्पताल
## मिलावटी पनीर के रोजाना मामले पकड़ रही है खाद्य विभाग की टीम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली का त्यौहार है और मिलावटखोरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार एक्शन ले रहा है। बुधवार को गाजियाबाद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधिक प्रशासन विभाग द्वारा मिलावटी पनीर और खोवे को लेकर 1000 किलो से अधिक पनीर और मावा जप्त करते हुए नष्ट किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, प्रमोद वर्मा, मोनिका गुप्ता और भावना की टीम ने इस अभियान को चलाया। वहीं सहायक आयुक्त खाद्य अरविंद यादव ने बताया है कि दीपावली के अवसर पर मिलावटी पनीर और मावे की बाजार में बिक्री रोकने के लिए बुधवार को कुल 17 नमूने भरे गए हैं जो प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

### टीमें बनाकर लगातार की जा रही है छापेमारी





करंट क्राइम : दीपावली पर मिलावटी मावे और पनीर को लेकर विभाग एक्टिव है। बुधवार को पहली कार्रवाई साहिबाबाद यूपी गेट पर की गई जहां देर रात करीब एक बजे 750 किलो मिलावटी पनीर बरामद किया गया। इसमें वाहन चालक रहूफ खान निवासी अलीगढ़ को पकड़ा गया है। उसके पूरे स्टॉक को मिलावटी होने की वजह से नष्ट किया किया गया है। साथ ही पनीर के दो नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं दूसरी कार्रवाई घंटाघर चौपला पर मोहसिन के रूप में हुई वह मेरठ का निवासी है। पुलिस ने उससे छह बोरियों में करीब 300 किलोग्राम मावा जिसकी कीमत एक लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है, उसे जप्त किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद वर्मा ने बताया है कि मावे के नमूने लेकर उसे नष्ट कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों कहना है कि यह पनीर और मावा मिलावटी थे, जो लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर सकते थे।

### एक सप्ताह में लिए गए 126 जांच के नमूने

करंट क्राइम : दीपावली पर मिलावटी पनीर और मावे की खेप लोगों के घरों, मिठाई की दुकानों तक रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार अभियान चला रहा है। विभाग के आधा दर्जन से अधिक अधिकारी अलग-अलग जोन में छापे मारने के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। सहायक आयुक्त खाद्य अरविंद यादव ने बताया है कि बुधवार को जहां 17 नमूने भरे गए हैं। तो वहीं बीते करीब एक सप्ताह के दौरान अब तक कुल 126 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिसमें भारी मात्रा में मिलावटी पनीर और मावे के सैंपल भरे गए हैं।

### शहर के होटल और रेस्टोरेंट्स तक पहुंच रहा है मिलावटी पनीर

करंट क्राइम : खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि दीपावली को लेकर बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है लेकिन सूत्र यह बता रहे हैं कि शहर के कई प्रमुख होटल और रेस्टोरेंट्स तक मिलावटी मावे और पनीर की खेप पहुंच रही है। जिसकी वजह से यह लोगों के सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ होने के साथ ही जानलेवा भी है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों कहना है कि यह अभियान दिवाली के बाद भी जारी रहेगा।

# धनतेरस-दीपावली से पहले पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का पैदल गश्त अभियान
## बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था के दिए सख्त निर्देश





### डीसीपी सिटी, ट्रैफिक व एसीपी रहे पैदल गश्त में मौजूद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी धनतेरस और दीपावली पर्व को शांतिपूर्वक और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को पुलिस कमिश्नर गाजिसाबाद जे रविंदर गौड खुद पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरे। उन्होंने अंबेडकर रोड, कोतवाली नगर और सिहानी गेट क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे, थाना प्रभारी सिहानी गेट सचिन कुमार, कोतवाल मनोज कुमार और ट्रैफिक इंस्पेक्टर अजय यादव समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

गश्त के दौरान पुलिस कमिश्नर ने बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा की मजबूती पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए हैं।

- बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।
- महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एंटी-रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता बढ़ाई जाए।
- त्योहारों के दौरान ट्रैफिक पुलिस पूरी सतर्कता बरते और सुचारू यातायात सुनिश्चित करे।
- स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए।

### पैदल गश्त का उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाना : सीपी



करंट क्राइम : बाजारों में जिस दौरान पुलिस कमिश्नर निकले तो उन्होने व्यापारियों और आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पैदल गश्त का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करना है। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी से पुलिस बल में उत्साह बढ़ता है और आमजन का भरोसा मजबूत होता है। गश्त के दौरान नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि त्योहारी सीजन में पुलिस की यह सक्रियता भरोसा बढ़ाने वाली है।

# लोनी में ईडी की बड़ी कार्रवाई, अलीमुद्दीन अंसारी के ठिकानों पर हुई छापेमारी

### सामने आया दुबई कनेक्शन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी में बुधवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुस्लिम नेता और भाजपा से जुड़े रहे अलीमुद्दीन अंसारी और उनके सहयोगी नफीस के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

सुबह करीब चार बजे ईडी की चार टीमों ने अलीमुद्दीन के घर, दफ्तर और दो अन्य स्थानों पर रेड डाली। छापेमारी के बाद से घरों में कोई भी बाहर नहीं निकल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, ईडी की यह कार्रवाई हवाला कारोबार से जुड़ी जांच का हिस्सा है। बताया जा रहा है कि अलीमुद्दीन अंसारी दुबई में बसे कारोबारी नवाब उर्फ लवीश चौधरी के बेहद करीबी हैं और भारत में उनके वित्तीय लेनदेन और नेटवर्क को संभालते हैं। एजेंसी को शक है कि दुबई से संचालित होने वाले हवाला नेटवर्क में अलीमुद्दीन की अहम भूमिका रही है।

### छापों के पीछे दुबई कनेक्शन

करंट क्राइम : इस मामले के सामने आने के बाद इस पूरी कार्रवाई को दुबई कनेक्शन से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, स्थानीय पुलिस अधिकारी इस कार्रवाई की जानकारी होने से इनकार कर रहे हैं और पूरा ऑपरेशन ईडी की गोपनीय निगरानी में चल रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि अलीमुद्दीन की कई प्रमुख भाजपा नेताओं और मंत्रियों से नजदीकियां रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई नेताओं के साथ फोटो भी सामने आए हैं।

### भाजपा का पक्ष – अलीमुद्दीन का पार्टी से कोई संबंध नहीं

करंट क्राइम : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष डॉ. सौलत पाशा ने साफ किया कि अलीमुद्दीन अंसारी अब पार्टी से जुड़े नहीं हैं। उन्होंने बताया कि गलत गतिविधियों की शिकायत पर अलीमुद्दीन को करीब एक साल पहले ही भाजपा से बाहर किया जा चुका है। फिलहाल उनका पार्टी से कोई संबंध नहीं है।

# चालान का नहीं दिख रहा है इफेक्ट, प्रमुख बाजारों और हाईवे पर लग रहा है भीषण जाम

### - दो दिन में 1200 चालान होने के बाद भी नहीं सुधरे इंतजाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** त्यौहारी सीजन है और ऐसे में बाजारों और प्रमुख इलाकों में लोगों का मूवमेंट बढ़ गया है। मूवमेंट बढ़ाने के साथ पार्किंग की समस्या मुख्य वजह बन रही है और जाम लोगों के जनजीवन को प्रभावित कर रहा है।



हालांकि यातायात पुलिस द्वारा बीते दो दिनों में प्रमुख स्थानों पर फ्लैग मार्च के साथ ही सड़क पर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ एक्शन लेते हुए 1200 लोगों को चालान किया गया है। इसके बावजूद जाम की समस्या का हल नहीं निकल रहा है। हाईवे से लेकर प्रमुख बाजारों और लोकल बाजारों से लेकर मुख्य मार्गो तक जाम की स्थिति बन रही है। जाम की वजह से लोगों को देरी और असुविधा हो रही है। तो वहीं जगह-जगह वाहनों की लंबी कतार लग रही हैं। जिससे सभी को परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों डीसीपी ट्रैफिक पद सृजित करने के साथ ही एसीपी स्तर के अधिकारियों को जोनवार जिम्मेदारी सौंपी गई। तो वहीं ट्रैफिक इंस्पेक्टर की संख्या भी बढ़ाई गई हैं लेकिन अतिक्रमण, जाम और भीड़ के आगे सब बेबस नजर आ रहा है।

### पार्किंग समस्या का भी नहीं निकला समाधान

करंट क्राइम : अंबेडकर रोड मार्केट, तुराब नगर, रमते राम रोड की ओर जाने वाले लोगों को बुधवार को भी जाम से दो-चार होना पड़ा। नेहरू युवा केंद्र में जो पार्किंग अस्थाई रूप से बनाई गई थी, वहां पर ताला लगा था। जिसकी वजह से लोगों को वाहन सड़क के किनारे खड़े करने पड़े और वह जाम का कारण बने। जाम होने की वजह से शहर के प्रमुख मार्ग पुराने बस अड्डे से लेकर चौधरी मोड़ तक आने जाने वाले वाहन चालकों को जाम से दो-चार होना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी होने के बावजूद भी लोग जाम से जूझते हुए नजर आए।

### जीटी रोड पर भी रोज फंस रहे हैं वाहन, कलेक्ट्रेट के बाहर भी बुरा हाल

करंट क्राइम : पार्किंग की उपयुक्त व्यवस्था न होने और वाहनों के सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े होने की वजह से जाम त्यौहारी सीजन में बड़ी समस्या बन गया है। जाम लगने के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तो वहीं आम लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। जाम का आलम जीटी रोड, चौधरी मोड़ और घंटाघर से लेकर प्रमुख बाजारों के आसपास तो नजर आ रहा है। वहीं कलेक्ट्रेट के बाहर भी सड़क किनारे होने वाली पार्किंग से जाम अवस्था का रूप दर्शा रही है। इस मामले में एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद का कहना है कि नगर निगम और जीडीए से नो पार्किंग जोन से वाहन रिकवरी करने वाले वाहनों की डिमांड भेजी गई है, अभी तक वह पूरी नहीं हुई है। इसके साथ ही पार्किंग की उपयुक्त व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है। जिससे जाम लग रहा है। हालांकि प्रमुख जाम पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है।

# दिल्ली में चला सकेंगे ग्रीन पटाखे

## दिवाली से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली।** इस दिवाली दिल्ली-एनसीआर में केवल ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल होगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि दिवाली के दो दिन पहले और दिवाली के दिन यानी 18 से 21 अक्टूबर तक केवल सुबह 6 बजे से 7 बजे और रात 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे फोड़े जा सकते हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय पर्यावरण की सुरक्षा और आबादी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया है। कोर्ट ने कहा कि पटाखों के कारण लोगों को गंभीर नुकसान होता है, इसलिए चिंता और उत्सव के अधिकारों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

अर्जुन गोपाल की याचिका, चीफ जस्टिस बीआर गवई की कोर्ट में न्याय मित्र द्वारा उठाई गई गंभीर चिंताओं और पटाखों की तस्करी के मामलों को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश जारी किया गया।

कोर्ट ने कहा कि पिछले छह वर्षों में ग्रीन पटाखों में सुधार हुआ है। 2024 में जीएनसीटीडी ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था, लेकिन अब दिल्ली और केंद्र सरकार ने प्रतिबंध में ढील देने का प्रस्ताव रखा है।

**सिर्फ एनईईआरआई प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही करें इस्तेमाल :** सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि केवल एनईईआरआई प्रमाणित ग्रीन पटाखों के ही बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति होगी। इन पटाखों पर दफकोड अनिवार्य होगा और अन्य पटाखों को इस्तेमाल के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों को गश्त दल गठित करने का निर्देश दिया गया है, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों की ही बिक्री और इस्तेमाल हो। उल्लंघन करने वालों को नोटिस जारी किया जाएगा।

**उद्योग के अधिकारों के बीच संतुलन बनाना आवश्यक! :** हरियाणा के 22 जिलों में से 14 जिले एनसीआर के अंतर्गत आते हैं, और यूपी और राजस्थान ने भी इसी तरह की याचिका दायर की थी। कोर्ट ने कहा कि आम व्यक्तियों और उद्योग के अधिकारों के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है और इस बार दिवाली में केवल सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति दी जा रही है।

# जेडीयू ने जारी की उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

## 57 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के बाद जेडीयू ने भी अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जेडीयू ने 57 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है, जिसमें अपने छह मंत्रियों और 18 विधायकों को दोबारा से टिकट दिया है। जेडीयू ने अपने दो मौजूदा विधायक के टिकट काटे हैं।

बीजेपी के बाद जेडीयू के उम्मीदवारों की सूची में किसी मुस्लिम का नाम शामिल नहीं है। बीजेपी की 71 उम्मीदवारों की सूची में कोई भी मुस्लिम नाम नहीं है तो जेडीयू ने भी किसी मुस्लिम पर भरोसा नहीं जताया। हालांकि, अभी जेडीयू के 44 उम्मीदवारों के नाम घोषित होने हैं।

जेडीयू ने भले ही पहली लिस्ट में किसी मुस्लिम को टिकट न दिया हो, लेकिन चार बाहुबली नेताओं पर जरूर भरोसा जताया है। इस तरह से सवाल उठता है कि क्या बीजेपी की तरह जेडीयू का भरोसा मुस्लिम समुदाय से उठ गया है?



**10 दलित और छह भूमिहार को टिकट**

जेडीयू ने अपने 57 उम्मीदवारों में चार बाहुबली नेताओं को प्रत्याशी बनाया है। जेडीयू ने मोकामा सीट से अनंत सिंह को प्रत्याशी बनाया है तो एकमा सीट से धुमल सिंह को टिकट दिया है। इसके अलावा कुचाईकोट सीट से अमरेंद्र पांडेय को नीतीश कुमार ने उम्मीदवार बनाया है, जो 2020 में भी जेडीयू से विधानसभा चुनाव जीते थे। मांझी विधानसभा सीट से जेडीयू ने बाहुबली प्रभुनाथ सिंह के बेटे रणधीर सिंह को टिकट दिया। रणधीर सिंह आरजेडी छोड़कर जेडीयू में आए हैं। प्रभुनाथ सिंह का सियासी दबदबा जगजाहिर है और लालू यादव के दौर में उनकी सियासी तूती बोला करती थी। प्रभुनाथ सिंह आरजेडी से सांसद रहे हैं और छपरा में डबल हत्याकांड में उन्हें उम्रकैद की सजा हो गई है।

अनंत सिंह भी आरजेडी से जेडीयू में आए हैं। 2020 में आरजेडी से विधायक चुने गए थे, लेकिन 2024 चुनाव में मन बदला और जेडीयू के करीब दोबारा आ गए।

अब नीतीश कुमार ने अनंत सिंह को एक बार फिर से मोकामा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

जेडीयू ने अपनी पहली सूची में 10 अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को टिकट दिया है तो छह भूमिहार समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं। जेडीयू ने भूमिहार जाति से आने वाले विजय

# आईपीएस पूरण कुमार का आठ दिन बाद अंतिम संस्कार

## सरकार ने ली राहत की सांस



**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चंडीगढ़ के सेक्टर-25 के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। इस दौरान श्मशान घाट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहे। एडीजीपी के अंतिम संस्कार में हरियाणा सरकार के ब्यूरोक्रेसी से राजेश खुल्लर, सुधीर राजपाल, पंकज गुप्ता, डीजीपी ओपी सिंह, आईपीएस मोहम्मद अकील, एडीजीपी आलोक मित्तल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। इससे पहले पीजीआई में उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया। लगभग चार घंटे तक पोस्टमार्टम चला। उसके बाद शव को सेक्टर-24 स्थित सरकारी आवास पर लाया गया। सेक्टर 25 क्रिमेशन ग्राउंड में एडीजीपी वाई पूरण कुमार का अंतिम संस्कार किया गया। आईएएस पंकज अग्रवाल और आईएएस राज नारायण कौशिक सेक्टर-24 पहुंचे थे।

**निष्पक्ष जांच का दिया गया आश्वासन**

पीजीआई चंडीगढ़ की तरफ से कहा गया है कि हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार का पोस्टमार्टम विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट विशेष जांच दल (एसआईटी) के जांच अधिकारी को सौंपी जाएगी। पार्थिव शरीर सम्मानपूर्वक उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। एडीजीपी आत्महत्या मामले में नौ दिन बाद हरियाणा सरकार ने भी राहत की सांस ली है।

**31 सदस्यीय कमेटी का पैदल मार्च रद्द :** 31 सदस्यीय कमेटी के सदस्य रेशम सिंह ने बताया कि सेक्टर 17 चंडीगढ़ से तय पैदल मार्च रद्द कर दिया गया है। इसके लिए मीटिंग करेंगे, फिर आगे का फैसला लेंगे। रेशम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से परिवार को न्याय नहीं किया गया है, लेकिन सामाजिक और मानवता के नाते पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार का फैसला लिया गया है। अमनीत पी कुमार की तरफ से कहा गया कि यूटी पुलिस द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच के आश्वासन और हरियाणा सरकार द्वारा आरोपी अधिकारियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्होंने पति के शव का पोस्टमार्टम कराने की सहमति दी है।

# बीजेपी के लिए बिहार चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार की शाम ह्यमेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत बिहार के दस लाख बूथ स्तरीय कार्यकताओं से संवाद करेंगे। विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान को धार देंगे।

साथ ही कार्यकताओं से उनके सुझाव सुनेंगे। ह्यमेरा बूथ सबसे मजबूतअभियान का उद्देश्य स्थानीय या बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यकताओं एवं समर्थकों के साथ पार्टी से जुडाव को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दस कार्यकताओं का चयन किया गया है। सभी नमो एप के माध्यम जुडेंगे।

बता दें कि इससे पहले रविवार को एनडीए में सीट शेयरिंग की घोषणा के उपरांत प्रधानमंत्री मोदी ने इंटरनेट मीडिया हैंडल ह्यएक्स पर लिखा था,



ह्लबिहार में भाजपा-एनडीए की जीत के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा से जुट गए हैं। ऐसे समर्पित कार्यकताओं से बातचीत करने से हमेशा नई प्रेरणा मिलती है। 15 अक्टूबर को मुझे ऐसे कार्यकताओं से सीधे बातचीत करने का अवसर मिलेगा।

कार्यकताओं को आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा, ह्लमेरा अनुरोध है, आप सभी ह्यमेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान से जुड़ें और आज ही अपने सुझाव साझा करें। मैं कुछ चुनिंदा कार्यकताओं से उनके सुझावों पर सीधे चर्चा भी करूंगा।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के लिए, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने 12 अक्टूबर को घोषणा की कि जेडी(यू) एवं भाजपा 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि शेष 29 सीटें लोजपा (रामविलास), छह रालोमो (राष्ट्रीय लोक मोर्चा) एवं छह सीटें (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) हम के बीच बांटी थी।

**पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को सरकार का दिवाली तोहफा**

# वित्तीय सहायता में 100% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाने वाली योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि करने को मंजूरी दी है। इस फैसले के बाद आश्रितों को शिक्षा, विवाह और निर्धनता अनुदान के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि दोगुनी हो गई है। संशोधित दरें आगामी एक नवम्बर से लागू होंगी।



**निर्धनता अनुदान:** बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये योजनाएं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाती हैं। वित्तीय सहायता में की गई प्रमुख बढ़ोतरी इस के तहत निर्धनता अनुदान की राशि 4,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह सहायता 65 वर्ष से अधिक आयु वाले उन पूर्व सैनिकों के आश्रितों और विधवाओं को आजीवन दी जाएगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है और जो गैर-पेंशनभोगी हैं।

**शिक्षा अनुदान:** शिक्षा अनुदान की श्रेणी में दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए शिक्षा अनुदान एक हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह कर दिया गया है।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें। विवाह अनुदान : सरकार की ओर से विवाह अनुदान में भी बढ़ोतरी की गई है। इसे 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1,00,000 रुपए प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अनुदान अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह अथवा विधवा पुनर्विवाह के लिए लागू होगा, बशर्ते विवाह इस आदेश के जारी होने के बाद संपन्न हुआ हो।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मंजूरी की गई नई दरें 1 नवंबर 2025 से प्राप्त आवेदनों पर लागू होंगी। इससे प्रति वर्ष लगभग 257 करोड़ रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा, जो आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे फंड से वहन किया जाएगा। ये सभी योजनाएं रक्षा मंत्री पूर्व सैनिक कल्याण कोष के तहत संचालित हैं, जो आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे फंड का एक उप-कोष है।

# प्रशांत किशोर बोले- नहीं लड़ूंगा चुनाव, जनसुराज जीती तो 100 सबसे भ्रष्ट नेताओं- नौकरशाहों पर होगा एक्शन

**पटना।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को एलान किया कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी ने उसके व्यापक हित में लिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर जन सुराज पार्टी बिहार चुनाव जीतती है, तो इसका राष्ट्रव्यापी असर होगा। राष्ट्रीय राजनीति की दिशा बदल जाएगी। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी ने फैसला किया है कि मैं विधानसभा चुनाव न लड़ूं, और इसी कारण राघोपुर से तेजस्वी यादव के खिलाफ हमने किसी और उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। यह फैसला पार्टी के व्यापक हित में लिया गया है। अगर मैं चुनाव लड़ता, तो जरूरी संगठनात्मक कार्यों से मेरा ध्यान भटकता।



**सरकार बनने के एक महीने के भीतर यह कानून बनाया जाएगा :** प्रशांत किशोर ने कहा कि हमने बिहार को भू-माफिया, बालू माफिया और तमाम तरह के माफियाओं से मुक्त करने का वादा किया है। इसी दिशा में हमने छह बड़े वादे किए हैं, जिनमें फर्जी शराबबंदी नीति को खत्म करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के एक महीने के भीतर एक कानून बनाया जाएगा, जिसके तहत 100 सबसे भ्रष्ट नेताओं और अफसरों की पहचान की जाएगी। मुझे पूरा यकीन है कि ये लोग अभी से पूजा-पाठ कर रहे होंगे कि हम सत्ता में न आएं। इन भ्रष्ट लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा और उनकी अवैध संपत्ति जब्त कर राज्य के खजाने में जमा की जाएगी, ताकि बिहार के विकास में उसका इस्तेमाल हो सके। यह वही विकास है जो इन लोगों की वजह से रुका पड़ा है,

**हम या तो भारी जीत दर्ज करेंगे या पूरी तरह हार जाएंगे :** जब उनसे उनकी पार्टी की चुनावी संभावनाओं को लेकर सवाल किया गया, तो 48 वर्षीय प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हम या तो भारी जीत दर्ज करेंगे या पूरी तरह हार जाएंगे। मैंने पहले भी कहा है कि हमें या तो 10 से कम सीटें मिलेंगी या 150 से ज्यादा।

# संभल : मस्जिद के शेष हिस्से पर चला बुलडोजर

**संभल।** गांव ऐंचोड़ा कंबोह में ग्राम समाज की जमीन पर बनी अवैध मस्जिद के उस हिस्से को प्रशासन ने को बुलडोजर से गिरा दिया है, जिसको ग्रामीणों ने छोड़ दिया था। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार दीपक जुरैल के नेतृत्व में की गई है। इस दौरान पुलिस भी सुरक्षा के चलते मौजूद रही। ग्रामीणों ने प्रशासनिक टीम से वादा किया था कि वह खुद ही इस मस्जिद को तोड़ लेंगे और कुछ दिन में काफी हिस्सा तोड़ दिया था लेकिन नमाज के हॉल को छोड़ दिया था। मस्जिद ग्राम समाज की जमीन पर बनी है। इसकी पुष्टि होने के बाद 24 सितंबर को बेदखली का आदेश किया गया था। पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने भरोसा दिया था कि वह मस्जिद को खुद तोड़ लेंगे। इसके बाद तोड़ने की प्रक्रिया को शुरू भी किया गया लेकिन कुछ दिनों से तोड़ने का कार्य बंद कर दिया गया था। इसी क्रम में मस्जिद के बचे हिस्से को बुलडोजर से मंगलवार को ढहाया गया है।



# एम्स की पहल: हृदय रोगियों को तुरंत दी जा सकेगी सीपीआर



**नई दिल्ली।** कार्डियक अरेस्ट (दिल की धड़कन का रुकना) के बढ़ते मामलों को देखते हुए व्यक्ति की तुरंत जान बचाने के लिए एम्स परिसर में स्वचालित बाहरी डिफाइब्रिलेटर (एईडी) लगाए जा रहे हैं। इनके जरिये पीड़ित व्यक्ति को तुरंत कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया जा सकेगा। परिसर में एईडी लगाने का कार्य प्रगति पर है। एम्स कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर डॉ. अंबुज राय ने बताया कि एईडी एक छोटा पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो दिल की धड़कन अचानक रुक जाने की स्थिति में जीवन बचाने में मदद करता है।

दिल की विद्युत गतिविधि असामान्य हो जाने पर रक्त संचार बंद हो जाता है। इस स्थिति में एईडी दिल को नियंत्रित विद्युत झटका देकर उसकी सामान्य धड़कन दोबारा शुरू करने में मदद करता है। विदेशों में सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे उपकरण होना सामान्य है। एईडी उपकरण का इस्तेमाल गैर चिकित्सीय पेशेवर व्यक्ति भी कर सकता है। अस्पतालों की इमरजेंसी में यह सुविधा पहले से उपलब्ध है। मगर, अब एम्स परिसर के मुख्य स्थानों पर इसे जगह-जगह लगाया जाएगा।

**हार्ट बीट दोबारा से शुरू करने में मिलती है मदद**

एम्स, आईआरसीएच के ओन्को एनेस्थीसिया एंड पैलिएटिव मेडिसिन विभाग में प्रो. निष्कर्ष गुप्ता ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में यह हार्ट को झटका देने वाली मशीन है।

## सोनम वांगचुक की पत्नी याचिका में करेंगी संशोधन अब 29 अक्तूबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने अपनी याचिका में संशोधन करने का फैसला किया है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए अब 29 अक्तूबर की तारीख तय की है। याचिका में गीतांजलि अंगमो ने सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में रखने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने पाया कि जोधपुर जेल के जेलर ने जो हलफनामा दायर किया है, उसमें बताया गया है कि सोनम वांगचुक के बड़े भाई और वकील ने उनसे मुलाकात की है।


**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा—मकनपुर गाजियाबाद।**

पत्रांकः 1019/न0पा0प0खो0/ई—निविदा/2025 दिनांकः 15 अक्टूबर, 2025

**ई प्रोक्योरमेन्ट/ई—टेण्डरिंग निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद खोड़ा—मकनपुर में वार्ड नं0—31, लोकप्रिय विहार प्रथम में डंपिंग ग्राउन्ड का जी0आई0 शीट से कवर करने का निर्माण कार्य हेतु ई—निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांकः 16.10.2025 की प्रातः 10:00 बजे से 06.11.2025 के अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांकः 06.11.2025 के मध्यान्हः 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टैण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्ते जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No—:1018/न0पा0परि0खो0/ई—निविदा/2025 दिनांकः 15 अक्टूबर 2025 |
| Publish and Time for RFP | 16.10.2025 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 06.11.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 06.11.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora-Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Document Processing | As per Tender list. |

(अनुज गोयल) अवर अभियन्ता (सिविल)
(अभिषेक कुमार) अधिशासी अधिकारी
(मोहिनी शर्मा) अध्यक्ष



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी—2, सेक्टर—ओमेगा—1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर—201308 (उ.प्र.)
दूरभाष नं: 120-2395151/57/58 फैक्स नं: 0120-2395150

पत्रांक—वाई.ई.ए./भूलेख/1111/2025 दिनांकः 06.10.2025

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है:

(सैक्टर-29, ग्राम—करौली बांगर)

| क्र. सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे. में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 158 | 379 | 3.6950 | 1/4 | 0.9237 | अजेश सिंह राना पुत्र हरवीर सिंह निवासी ग्राम नगला हुकम सिंह करौली बांगर, तहसील जेवर, गौतमबुद्धनगर |
| 2 | 158 | 379 | 3.6950 | 1/4 | 0.9237 | दिनेश सिंह राना पुत्र हरवीर सिंह निवासी ग्राम नगला हुकम सिंह करौली बांगर, तहसील जेवर, गौतमबुद्धनगर |
| 3 | 158 | 379 | 3.6950 | 1/6 | 0.6158 | देवेन्द्र सिंह पुत्र सुजान सिंह निवासी ग्राम नगला हुकम सिंह करौली बांगर, तहसील जेवर, गौतमबुद्धनगर |

प्रस्तावित भूमि प्राधिकरण के नियोजित सै. 29 के अन्तर्गत होने के कारण क्रय हेतु प्रस्तावित है।

- उक्त भूमि को क्रय करने हेतु तालिका में अंकित काश्तकारों द्वारा सहमति प्रदान की गयी है जिसके क्रम में प्राधिकरण द्वारा उक्त भूमि आपसी सहमति के आधार पर क्रय की जानी प्रस्तावित है।
- प्रस्तावित भूमि को प्राधिकरण की 84वीं बोर्ड बैठक की मद संख्या 03 के अनुसार रूपये 3808.00/ प्रति वर्ग मी. की दर से सम्बन्धित भूस्वामी के पक्ष में भुगतान किया जाएगा व 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड आवंटित किया जाएगा।

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय/ सी.आर.सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

विशेष कार्याधिकारी

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद—फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बिहार की भूमि से किया बड़ा ऐलान
# कहा- सौ प्रतिशत बनने जा रही है बिहार में भाजपा की सरकार







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर इन दिनों बिहार के चुनावी रण में प्रचार युद्ध में मोर्चा संभाल रहे हैं। भाजपा ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की दो विधानसभाओं में ड्यूटी लगाई है। उन्हें हरसिद्धी विधानसभा और कल्याणपुर विधानसभा में प्रचार के लिये भेजा गया है। यहां पर ये उल्लेखनीय है कि हरसिद्धी विधानसभा पर मौजूदा विधायक भाजपा के हैं और कल्याणपुर विधानसभा में आरजेडी के विधायक हैं।

प्रचार में विधायक नंदकिशोर गुर्जर को क्या लग रहा है और उनकी चुनावों को लेकर क्या ओपिनियन है, इन सभी बातों पर दैनिक करंट क्राइम ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से बात की।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दावा किया कि सौ प्रतिशत यहां भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनसमर्थन मिल रहा है उसे देखकर मैं दावा कर सकता हूं कि सौ प्रतिशत बिहार में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि ये जनता की पुकार है। इसके पीछे की वजह उन्होंने दो बताई। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात तो ये है कि यहां पर मुख्यमंत्री के रूप में नितीश कुमार का विकासवादी चेहरा है और वहीं सरकार की कल्याणकारी योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यहां सड़कों का निर्माण हुआ है और इसके साथ ही महिलाओं के लिये कल्याणकारी योजनाओं से भी लाभ मिला है। महिलाओं के खाते में जीविका योजना के तहत दस हजार रूपए दिये गये हैं। वहीं 400 रुपए पेंशन को बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ये सब वो बातें हैं जो भाजपा को जीत की ओर ले रही हैं। उन्होंने दावा किया कि निश्चित रूप से भाजपा यहां चुनाव जीतेगी।

### क्यों बोले विधायक, शर्मा जाए यूपी की सड़कें

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को बिहार का विकास बेहद पसंद आया। वो यहां दो विधानसभा सीटों पर प्रचार की बागडोर संभाल रहे हैं। उन्होंने बिहार के विकास की तारीफ की और इतनी तारीफ की कि वो यहां के विकास को यूपी के मुकाबले 100 में से 102 नंबर दे बैठे। उन्होंने कहा कि यहां पर विकास हुआ है और सड़कें मजबूत और गड्ढा रहित हैं। यहां की सड़कें इतनी शानदार हैं कि यूपी वाले भी शर्मा जाएं। फिर उन्होंने कहा कि यहां की सुरक्षा व्यवस्था जीत का कारण बनेंगी। इसके बाद लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने देवादिदेव महादेव शिव की कृपा बताते हुए कहा कि मुझे शंकर जी ने कभी हारने नहीं दिया। मैं जहां जाता हूं वहां भाजपा की जीत होती है, लिहाजा यहां पर भाजपा चुनाव जीतेगी।

### घर से गुड़ और घी लेकर बिहार गए हैं विधायक नंदकिशोर गुर्जर

दूसरा प्रदेश है और यहां बोली से लेकर खानपान की संस्कृति भी अलग है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर सात्विक भोजन करते हैं और वो भोजन को लेकर सतर्क भी रहते हैं। ऐसे में बिहार में प्रचार भी चल रहा है और प्रचार के अलावा आहार क्या चल रहा है, इस पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया कि मैं अपने घर से गुड़ और घी लेकर आया हूं। यहां पर मंडवे की रोटी बन वाकर खा रहा हूं। उन्होंने बिहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूपी में तो हाइब्रिड मक्का मिलती है, लेकिन यहां प्योर मक्का मिलती है और मैं यहां के शुद्ध भोजन का आनंद उठा रहा हूं।

## किस वरिष्ठ वैश्य नेता ने गारंटी लेकर ये कहा
# नहीं होगा व्यापारी नेता का टिकट, लिखकर रख लो



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति में सब एक-दूसरे की खबर रखते हैं। कई बार तो ये हो जाता है कि अपने से ज्यादा अपने प्रतिद्वंदी की खबर रखते हैं, अपने बिरादरी के नेता की खबर रखते हैं। राजनीति में कौन कहां तक पहुंचा इसका पता चलता है। यहां सब गुणा-भाग बिठाते हैं और इस गुणा भाग में भी अपना राजनीतिक भाग्य तलाशते हैं। संगठन तो पहले से ही कहता है कि टिकट कोई भी मांग सकता है, टिकट मांगना कार्यकर्ता का हक हे। अभी चुनाव दूर है, लेकिन सियासत में गर्मी अभी से भरपूर है।

शहर सीट को लेकर कई बार चर्चा चलती है और यहां वैश्य कोटे की बात कही जाती है। हालांकि यहां फिलहाल संजीव शर्मा विधायक हैं और वो मजबूत स्थिति में चल रहे हैं, लेकिन दावेदारी का हक सभी को है, तैयारी का हक सभी को है। राजनीतिक चचाओं में एक चर्चा तब चली जब वरिष्ठ नेता और व्यापार मंडल के लोग एक जगह बैठे थे।यहां पर पहले उस चेहरे की बात हुई जो वैश्य भी है और व्यापारी भी हैं और टिकट भी मांग रहे हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि अंदरखाने उनकी तैयारी चल रही है, वो टिकट मांग रहे हैं। जब वैश्य नेता एकसाथ बैठे थे तो इन सब चचाओं को सुनने के बाद उन्होंने गारंटी ली और गारंटी लेकर वैश्य नेता ने कहा कि भले ही टिकट इसका हो जाए, उसका हो जाए ,तुम्हारा हो जाए, मेरा हो जाए, लेकिन जो वैश्य व्यापारी नेता। टिकट लेने का ख्वाब देख रहा है उसका टिकट तो बिल्कुल नहीं होगा। बड़ी बात ये रही कि वैश्य नेता ने जोर देकर ये बात कही। अब वो कौन सा व्यापारी नेता है और किस सीट से वो टिकट की दावेदारी कर रहा है, यह बात अभी रहस्य ही रहे तो ठीक है। बाकी पार्टी कौन सी है। ये तो खबर पढ़ने के बाद आपको पता चल ही जाएगा।

## सपा वाले रखने लगे हैं मीडिया को कार्यक्रमों से दूर
# शहर विधानसभा की घोषणा के दौरान क्यों किया गया इग्नोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी जहां 2027 को लेकर तमाम तरीके के अभियान और मिशन में जुटी हुई है, पर उसकी लगातार मीडिया से दूरियां बढ़ती जा रही है। गाजियाबाद सपा कार्यालय पर आयोजित होने वाले पहले सभी छोटे-बड़े कार्यक्रमों के लिए मीडिया को आमंत्रित किया जाता था लेकिन विगत दिनों से देखा जा रहा है कि तमाम प्रमुख कार्यक्रमों से मीडिया की दूरी रखी जा रही है। एक तरफ लखनऊ में बैठे पार्टी के मुखिया मीडिया संवाद प्रतिदिन कर रहे हैं, तो वहीं सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों का नेटवर्क बढ़ाया जा रहा है लेकिन समाजवादी पार्टी के जिला और महानगर अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारी मीडिया से दूरी बनाकर क्यों रख रहे हैं, इसकी चर्चा पार्टी वाले ही कर रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि जिस तरीके से बुधवार को शहर विधानसभा सीट के लिए कुछ चेहरों की घोषणा और टीम बनाई गई, इस कार्यक्रम में मीडिया से दूरी रखी गई केवल सोशल मीडिया पर व्हाट्सएप पर प्रेस विज्ञप्ति वाला सीन देखने को मिला है। एक समय था जब समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ और प्रमुख नेता की पंक्ति में शामिल नेता अखबारों के दफ्तर में विज्ञप्तियां और प्रेस नोट देने जाया करते थे। तो सपा के कई पुराने अध्यक्ष और युवा नेता भी लगातार मीडिया से संबंध रखते थे लेकिन वर्तमान में स्थिति बदली हुई नजर आ रही है।

### क्या कुछ पदाधिकारी नहीं चाह रहे मीडिया की करीबी



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के अंदर भी इस बात की चर्चा हो रही है क्या समाजवादी पार्टी के कुछ पदाधिकारी मीडिया की करीबी नहीं चाहते हैं। उन्हें क्या इस बात का डर रहता है कि अंदर खाने और इन दिनों समाजवादी पार्टी में चल रही गुटबाजी सार्वजनिक रूप से न जग जाहिर हो जाए। वैसे जिस तरीके से बीते दिनों कुछ पदाधिकारियों को पार्टी से निकल जाने के बाद सोशल मीडिया पर आरोप प्रत्यारोप और खुला खेल रहा है, उसे देखकर लग रहा है कि सोशल मीडिया पर हो रही किरकिरी से बचने के लिए आजकल समाजवादी पार्टी जिला और महानगर के पदाधिकारियों की ओर से मीडिया से दूरी बनाकर चल रहे हैं।

## व्यापारी नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया ने कहा- साल में एक बार आता है त्यौहार
# विरोध के अन्य तरीके मगर, त्यौहार पर रहने चाहिए बाजार पूरी तरह गुलजार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दीपावली पर्व पर जहां नगर निगम ने ये ऐलान किया कि बाजारों में सजावट होनी चाहिए। वहीं व्यापार मंडल इसके विरोध में आ गया। नगर निगम ने व्यापारी नेताओं की बैठक बुलाई और उनरसे अनुरोध किया कि वो दीपावली त्यौहार पर स्वच्छता और रोशनी का संदेश दें, बाजारों को सजाएं। निगम ने ये भी कहा कि सबसे अच्छी सजावट करने वाले व्यापार मंडल को निगम प्रोत्साहित भी करेगा। निगम के इस फैसले के विरोध में व्यापार मंडल आ गया। महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपीचंद ने कहा कि हाउस टैक्स में बेतहाशा वृद्धि हुई है और इस वृद्धि के विरोध में बाजार नहीं सजाए जाएंगे। उन्होंने व्यापारियों से आह्वान किया कि वो अपने बाजारों में रोशनी ना करें। एक तरफ निगम प्रोत्साहित कर रहा है और दूसरी तरफ व्यापारी नेता हाउस टैक्स के विरोध में बाजारा ना सजाने का फैसला ले रहे हैं। करंट क्राइम ने व्यापारी नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया से बात की।

अनिल अग्रवाल सांवरिया कपड़ा व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। वो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रभारी हैं। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजनीतिक मुद्दे पर कुछ भी राय हो सकती है, लेकिन हमें सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक मुद्दों पर एक होना चाहिए। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने कहा कि दीपावली का त्यौहार वर्ष में एक बार आता है। ये व्यापारियों की देवी महालक्ष्मी के पूजन का पर्व है। यह भगवान कुबेर के पूजन का पर्व है। व्यापारी इस दिन अपने प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई करतें हैं और उन्हें सजाते हैं और फिर अपने इष्ठ देव से अपने कारोबार की उन्नति की प्रार्थना करते हैं।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों की नाराजगी हो सकती है। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा वास्तव में मुद्दा है, लेकिन इसके विरोध में बाजारों में सजावट ना कर अंधकार में बैठना कहीं से कहीं तक उचित नहीं है। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध के अभी कई मौके मिलेंगे। व्यापारी तब विरोध कर सकते हैं, व्यापार मंडल के पास विरोध के कई तरीके हैं, लेकिन रोशनी के पर्व पर बाजारों को सजाने से ही इनकार करना कोई तरीका नहीं है।

दीपावली रोशनी का पर्व है और हमें भारतीय संस्कृति का पालन करना चाहिए। बाजार को सजाना चाहिए। दीपावली पर्व को खुशी-खुशी मनाना चाहिए। ये हमारी भारतीय संस्कृति का पर्व है। उन्होंने हैरानी व्यक्त की कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे से बाजार के सजने या ना सजने का क्या लेना-देना है। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने महानगर के सभी लोगों को संपन्नता के पर्व की बधाई दी और सभी व्यापारियों से ये अपील की कि दीपावली पर्व पर बाजारों में सजावट भी की जाए, प्रतिष्ठानों में पूजन भी किया जाए।

## सच को सामने लाना आवश्यक, हर आत्महत्या के पीछे की व्यवस्था की परतें खुलनी चाहिए : बालेश्वर त्यागी

(हरियाणा के आईपीएस वाई पूरण कुमार और एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्याओं से जुड़े प्रकरण पर रखे विचार)

**बालेश्वर त्यागी की मांग: इस पूरे मामले में निष्पक्ष और गहन जांच आवश्यक है, ताकि सच्चाई उजागर हो सके।**



**दोनों परिवार न्याय की मांग पर अडिग: दोषियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार न करने का निर्णय दोनों परिवारों का साझा रुख।**

**दो आत्महत्याएँ, दो दृष्टिकोण: वाई पूरण कुमार ने जातीय उत्पीड़न का आरोप लगाया, जबकि संदीप ने ईमानदारी के लिए बलिदान बताया।**

**वाई पूरण कुमार की आत्महत्या पर परिवार का विरोध जारी: आठ दिन बाद भी पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार न होने का कारण – आरोपित अधिकारियों की गिरफ्तारी की मांग।**

**संदीप लाठर की खुदकुशी ने दिया नया मोड़: अपने सुसाइड नोट में उन्होंने वाई पूरण कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए।**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार का आत्महत्या का प्रकरण अभी सुर्खियों में बना हुआ था क्योंकि अभी तक 8 दिन बाद भी उनका पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार उनके परिजनों ने नहीं होने दिया है। परिजनों की मांग है कि जिन पुलिस अधिकारियों पर उन्होंने उत्पीड़न का आरोप लगाया है जब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक वह पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार नहीं होने देंगे। एक आई जी स्तर के आईपीएस अधिकारी जातीय आधार पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर अपनी जीवन लीला ही स्वयं समाप्त कर ले ये बहुत ही गंभीर बात है। हरियाणा सरकार ने इस प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। सच क्या है, यह सामने आना ही चाहिए। पूरन कुमार की पत्नी भी आईएएस अधिकारी हैं, इस दृष्टि से ये सक्षम परिवार है, कोई उन्हें ऐसे ही पूरे प्रकरण को रफा दफा नहीं होने दे सकता है।

कल इस मामले में एक नया मोड उस समय आ गया जब हरियाणा पुलिस एक एएसआई संदीप लाठर ने खुदकशी कर ली और अपने सुसाइड नोट में वाई पूरणकुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। एएसआई संदीप लाठर रोहतक साइबर टीम के सदस्य थे जिसने वाई पुरनकुमार के गनर सुशील कुमार की गिरफ्तारी की जांच कर रही थी। सुशील कुमार पर व्यापारी से रिश्वत लेने के आरोप थे। अब संदीप का परिवार भी जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की न होने तक अंतिम संस्कार न करने पर अड़ा है। संदीप ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि वाई पूरण कुमार ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी के अपयश से बचने के लिए आत्महत्या की है। उसका आरोप है कि पुरण कुमार ने ईमानदार अधिकारियों को फंसाने के लिए ऐसा सुसाइड नोट छोड़ा है ।संदीप ने अपने वीडियो में स्पष्ट कहा है कि एक ईमानदार अधिकारी को फंसाने की साजिश वाई कुमार ने की है। उसने अपनी आत्म हत्या को ईमानदारी के लिए बलिदान कहा है।

जीवन में सबसे बड़ा भय मृत्यु का भय होता है। आत्म हत्या में आदमी अपने जीवन को स्वय समाप्त करता है। कोई व्यक्ति ऐसे ही अपनी जीवन लीला समाप्त नहीं कर सकता है। न वाई पूरण कुमार और न संदीप लाठर। वाई पूरण कुमार की आत्म हत्या को उसके उत्पीड़न का कारण समझा जा सकता है।

लेकिन अगर संदीप लाठर के वीडियो में कही बात को सही माने तो सच में उसकी आत्म हत्या इमानदारी के लिए अपने जीवन का बलिदान है। संदीप लाठर की आत्महत्या को भी पूरी गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इस पूरे प्रकरण में कोई निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।

## दीपावली से पहले फायर सर्विस का बड़ा अभियान
# मॉल, स्कूल और हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल कर बढ़ाई अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता



### - सीएफओ बोले सुरक्षा के साथ सतर्कता भी जरूरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली पर्व के दृष्टिगत अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए फायर सर्विस गाजियाबाद लगातार जन-जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में बुधवार को दा नार्थ इंडिया मॉल इंदिरापुरम, फातिमा कॉन्वेंट स्कूल नंदग्राम और मयूर हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर मसूरी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान फायर सर्विस की टीम ने आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव कार्य और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का प्रदर्शन किया। मौके पर मौजूद लोगों व संस्थानों के स्टाफ को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी और प्राथमिक कार्रवाई के तरीकों की जानकारी दी गई।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य लोगों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपात स्थिति में आत्मनिर्भरता विकसित करना है। उपस्थित लोगों ने स्वयं भी आग बुझाने के उपकरणों का उपयोग कर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## भोपुरा के लकड़ी गोदाम में भीषण आग
### दो घंटे की मशक्कत के बाद बुझी आग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद क्षेत्र के साहिबाबाद थानाक्षेत्र अंतर्गत भोपुरा स्थित कुटी रोड पर बुधवार को एक लकड़ी के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही फायर स्टेशन साहिबाबाद से दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। फायर यूनिट के अनुसार, आग रमेश पुत्र बुद्धिराम व अखलाख के स्वामित्व वाले डिफेंस कॉलोनी, प्लॉट नंबर 119 स्थित फर्नीचर गोदाम में लगी थी। फायरकर्मियों ने दोनों दिशाओं से होजलाइन फैलाकर करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस अग्निकांड में गोदाम में रखी लकड़ी और फर्नीचर सामग्री जलकर राख हो गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच फायर विभाग और स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## संपादकीय

# सरकारी योजनाओं की सच्चाई

सरकार की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जाती हैं, मगर इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंच पाता है या नहीं, इस पर शायद ही कोई ध्यान दिया जाता है। इससे न केवल सरकारी धन का बेजा इस्तेमाल होता है, बल्कि वे लोग भी लाभ से वंचित रह जाते हैं, जिन्हें केंद्र में रखकर योजना तैयार की जाती है। यही वजह है कि सरकार की कई महत्त्वाकांक्षी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती हैं। संबंधित अधिकारियों की लापरवाही और निगरानी तंत्र का अभाव इसकी बड़ी वजह है।

किसानों की आर्थिक मदद के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी यही हाल है। इसके तहत किसान परिवार का एक सदस्य ही लाभ ले सकता है। मगर केंद्रीय कृषि मंत्रालय की सत्यापन जांच में पाया गया कि बड़ी संख्या में पति और पत्नी दोनों ही इस योजना के लाभार्थी बने हुए हैं। सवाल है कि इस तरह की योजनाओं में आर्थिक सहायता से पहले पात्रता की जांच करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती?

### अधिकारियों ने भी सही जानकारी जुटाने की नहीं समझी जरूरत

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। इसमें हर वर्ष तीन किस्तों में किसान परिवार के एक सदस्य को दो-दो हजार रुपए की राशि देने का प्रावधान है। इस रकम को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए सीधे बैंक खाते में जमा किया जाता है। अगर यह नियम है, तो यह कैसे संभव हुआ कि एक ही घर से दो लोगों को राशि हस्तांतरित की जाती रही। जिन अधिकारियों के माध्यम से राशि जारी की जा रही थी, न तो उन्होंने और न ही संबंधित बैंक प्रबंधन ने कभी इस पर गौर करने की जरूरत महसूस की।

इस योजना के अंतर्गत उन्नीस लाख से अधिक किसानों के सत्यापन से पता चला है कि इनमें 17.87 लाख पति-पत्नी ही लाभार्थी थे। इस हिसाब से करीब चौरानवे फीसद दंपति इस योजना का लाभ ले रहे थे। यह पहली बार नहीं है, जब किसी अहम योजना के क्रियान्वयन में इस तरह की लापरवाही सामने आई है। ऐसे में शासन-प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की योजनाओं की नियमित निगरानी हो, ताकि पात्र लोगों को इनका लाभ मिल सके।

# हरे निशान पर बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार सेंसेक्स 575 अंक चढ़ा, निफ्टी 25300 के पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 575.45 अंक उछलकर 82,605.43 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 178.05 अंक की बढ़त के साथ 25,323.55 पर बंद हुआ।

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बुधवार को भारतीय बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस महीने के अंत में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच यह तेजी आई। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 575.45 अंक या 0.70 प्रतिशत उछलकर 82,605.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 697.04 अंक या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 82,727.02 अंक पर पहुंच गया।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 178.05 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,323.55 पर आ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि दो दिनों की बिकवाली के बाद राष्ट्रीय बाजार में थोड़ी तेजी आई; फेड अध्यक्ष द्वारा ब्याज दरों पर नरम रुख अपनाने तथा मात्रात्मक सख्ती समाप्त करने पर विचार करने से वैश्विक बाजार में धारणा मजबूत हुई।

### रुपये में आई 75 पैसे की तेजी

डॉलर के मुकाबले 75 पैसे की तेजी के साथ 88.06 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो कि लगभग चार महीनों में इसकी सबसे बड़ी इंट्राडे बढ़त है। ऐसा आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप और घरेलू बाजारों में तेजी के कारण हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर आशावाद के कारण घरेलू बाजार में लगभग 0.70 प्रतिशत की तेजी आई।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और अदानी पोर्ट्स भी लाभ में रहीं। वहीं, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक पिछड़ गए।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग तेजी के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक रुख रहा। मंगलवार को अमेरिकी बाजार मिश्रित रुख के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 62.28 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत गिरकर 62.28 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,508.53 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,661.13 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को सेंसेक्स 297.07 अंक या 0.36 प्रतिशत गिरकर 82,029.98 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 81.85 अंक या 0.32 प्रतिशत गिरकर 25,145.50 पर बंद हुआ।

# सोने की बढ़ती कीमतों के बीच 18 व 14 कैरेट के आभूषणों बढ़ी मांग

**नई दिल्ली।** ज्वेलर्स कंपनियों का कहना है कि सोने की बढ़ती कीमतों की वजह से उपभोक्ता की खरीदारी में बदलाव आ रहा है। अब वे हल्के वजन के 14 व 18 कैरेट आभूषणों पर ध्यान दे रहे हैं। साथ ही शादियों के लिए पुराने अभूषणों के बदले नए गहनों की खरीदारी कर रहे हैं। सोने और चांदी की कीमतों में इसी साल सबसे अधिक बढ़ोतरी देखी गई है। उद्योग और कमोडिटी विशेषज्ञ इसकी वजह वैश्विक अनिश्चितता, ट्रंप का टैरिफ वॉर और दुनिया भर के सेंट्रल बैंक के जरिए सोने की खरीदारी को कीमतों की वृद्धि का कारण बता रहे हैं। भारत में त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है और नवंबर से लेकर अगले साल मार्च तक शादी-ब्याह का सीजन शुरू हो जाएगा। उपभोक्ताओं की खरीदारी में आ रहा बदलाव धनतेरस और दिवाली पर शगुन के तौर पर सोने और चांदी की खरीदारी भारतीय घरों में पारंपरिक है, लेकिन सवाल यह है कि सोने की बढ़ती कीमतों (15 अक्तूबर को 127,170 रुपये प्रति 10 ग्राम) के बीच सोने की बिक्री होने की संभावना है। रिटेल ज्वेलर्स कंपनियों का कहना है कि सोने की बढ़ती कीमतों की वजह से उपभोक्ता की खरीदारी में बदलाव



आ रहा है। अब वे हल्के वजन के 14 व 18 कैरेट आभूषणों पर ध्यान दे रहे हैं। साथ ही शादियों के लिए पुराने अभूषणों के बदले नए गहनों की खरीदारी कर रहे हैं।

### अगस्त 2025 में नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा सोने का आयात

रिटेलर्स ने भी हाल के महीनों में अपने स्टॉक को बढ़ाया है।

### दिवाली और शादी-ब्याह के कारण साल के अंत तक तेजी जारी रहने की उम्मीद

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के क्षेत्रीय सीईओ, भारत सचिन जैन ने कहा कि धनतेरस और दिवाली भारत में सोने की खरीदारी का सबसे बड़े अवसर होते हैं। उपभोक्ता पारंपरिक रूप से कम से कम एक प्रतीकात्मक खरीदारी जरूर करते हैं। 2025 में सोने की कीमतों में कई ऐतिहासिक ऊंचाइयों पर पहुंचने और सितंबर के अंत तक रुपये की कीमतों में लगभग 51.2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के बावजूद उपभोक्ता भावना और सोने की मांग सकारात्मक रही।

# आरबीआई डीजी बोले: एल्गोरिदम के आधार पर निर्णय लेने को बढ़ावा देने से वित्तीय व्यवस्था पर बढ़ेगा संकट

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि डिजिटल इनोवेशन भुगतान से परे जाकर समावेशन का दायरा बढ़ा रहा है। भुगतान के अलावे भी इसका लोगों फायदा पहुंचा रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स अब माइक्रो बीमा और पेंशन से जुड़े उत्पाद भी ग्राहकों को तेजी से मुहैया कराने लगे हैं।

हालांकि इसके कुछ नकारात्मक पक्ष भी हैं। एल्गोरिदम के आधार पर निर्णय लेने की प्रक्रिया और सेवाओं के कुछ ही प्लेटफॉर्म्स तक सीमित रहने को अगर अनियंत्रित छोड़ दिया गया तो यह पूरी वित्तीय व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर सकते हैं, क्योंकि ये पारंपरिक खतरे नहीं हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वानीनाथन जे ने बुधवार को यह बात कही। रिजर्व बैंक के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि डिजिटल इनोवेशन भुगतान से परे जाकर समावेशन का दायरा बढ़ा रहा है। भुगतान के अलावे भी इसका लोगों फायदा पहुंचा रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स अब माइक्रो बीमा और पेंशन से जुड़े उत्पाद भी ग्राहकों को तेजी से मुहैया कराने लगे हैं। इससे कम आमदनी वाले परिवारों को अपना वित्तीय लचीलापन मजबूत करने में मदद मिली है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने 6 अक्तूबर 2025 को 'डिजिटल नवाचार के माध्यम से वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाना' विषय पर विश्व बचत और खुदरा बैंकिंग संस्थान (डब्ल्यूएसबीआई) की ओर से एसबीआई में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, देश के बाहर यूपीआई की सुविधा मिलने से बाहर से पैसा भेजना आसान हुआ है। धन पहले की तुलना में तेज, सस्ता और अधिक सहज हुआ है। इससे औपचारिक चैनलों में विश्वास मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा, रिजर्व बैंक में हम ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं जहां नवाचार जिम्मेदारीपूर्वक फल-फूल सके।




डिप्टी गवर्नर ने कहा कि फिनटेक, डिजिटल प्लेटफॉर्म और एम्बेडेड फाइनेंस मॉडल के तेजी से बढ़ने से वित्तीय प्रणाली की सीमाओं का विस्तार हुआ है और इससे नए प्रकार के जोखिम पैदा हुए हैं। स्वामीनाथन ने कहा कि यदि ऐसे जोखिमों को अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो वे परेशानी का सबब बन सकते हैं।

## भूख

प्रस्तुति करंट क्राइम

**नरेंद्र राठी**
(कवि गाजियाबादी)



भोर हुई किसान की रोटी पहुँची खेत में,
प्याज के साथ,
यही है उसका व्यंजन,
चिड़ियों की चहचहाहट,
यही उसका मनोरंजन,
हल चलाकर वो,
बो रहा है उम्मीदें,
कोई थाली खाली ना रह जाये,
कहीं रोटी के नाम पर लगती कतारें,
कहीं पांच तारा में,
आधी थाली नाली में बह जाये,
कहीं दूल्हे पर चावल
बिखरता हो,
कहीं रोटी के पहले कौर से,
भूख का भविष्य सँवरता हो,
भूख मजदूर को भी है,
भूख शहर के धनवान को भी है,
फर्क इतना सा है,
एक भूख से लड़ जाता है,
दूसरा भूख का जन्मदाता है,
भूख के हर कौर में,
किसान के पसीने की छाप है,
क्यूँ उसे यह अभिशाप है,
भूख के इस भव सागर में,
ना नाव,ना पतवार पाता है,
अंत में भूख से हार जाता है।



विश्व खाद्य दिवस पर
विशेष कविता

## रोचक तथ्यों का करंट

- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- एक तुर्की नीतिवचन कहती है : एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्त्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया। मशहूर स्फिंक्स मिस्र की संस्कृति में शेर के कई पौराणिक चित्रणों में से एक है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की, एक पालतू बिल्ली के काटने की तुलना में एक शेर का काटना 30 गुना अधिक जोरदार होता है।
- शेरनियां, पुरूष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।

## राशिफल

**मेष:** कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं तथा स्थिति सुधरेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभदायक रहेगा।
**वृष:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई कारोबारी बड़ा सौदा हो सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।
**मिथुन:** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता हासिल करेगा। अध्ययन आदि में एकाग्रता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।
**कर्क:** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते काम बिगड़ सकते हैं।
**सिंह:** प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।
**कन्या:** दूर से उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।
**तुला:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।
**वृश्चिक:** फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ईष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।
**धनु:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।
**मकर:** कार्यकारी नए काम मिल सकते हैं। योजना फलीभूत होगी। प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
**कुंभ:** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में चैन रहेगा। विवाद से बचें।
**मीन:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

## चुटकुले

रोहन - क्या हुआ क्यों उदास बैठे हो?
मोहन - कल एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था आइए हम आपको गोवा लेकर चलते हैं। तभी से तैयार बैठा हूं, कोई आया ही नहीं।

पत्नी : सुनो जी, मैं मोटी लग रही हूँ क्या?
पति : नहीं, बस थोड़ी भारी हो गई हो!
पत्नी : कितना भारी?
पति : इतना कि जब हँसती हो तो धरती भी हिल जाती है!

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे बहुत थकान रहती है।
डॉक्टर : क्या काम करते हो?
मरीज : जी, आराम!
डॉक्टर : तो फिर थकान नहीं, आलस है भाई!

टीचर : बेटा, पेपर में कुछ तो लिख देते!
पप्पू : सर, टाइम नहीं मिला।
टीचर : कैसे?
पप्पू : सवाल देखकर होश ही उड़ गए थे!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# सांसद प्रतिनिधि की तहरीर पर पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

## अवैध पार्किंग को लेकर दी गई थी पुलिस को तहरीर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के मैदान में निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था के बाद भी यहां हो रही अवैध वसूली के विरोध में सांसद प्रतिनिधि तथा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल मेदी वालों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और अशोकराज नाम के व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

गौरतलब है कि इस मामले में सबसे पहले जीडीए वीसी ने एक नोटिस सांसद प्रतिनिधि को भेजा था और इस नोटिस में उन्होंने राजेंद्र मित्तल को नेहरू युवा केंद्र का अध्यक्ष बताया था। इसके बाद शहर विधायक संजीव शर्मा ने चार दिन पहले एक पत्र राजेंद्र मित्तल को लिखा और उन्हें अध्यक्ष बताते हुए अनुरोध किया कि नेहरू युवा केंद्र के मैदान को अस्थायी रूप से और निशुल्क पार्किंग के लिये उपलब्ध कराई जाए। शहर विधायक के इस पत्र को सांसद प्रतिनिधि तथा युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल मेदी वालों ने पुलिस आयुक्त और जीडीए वीसी को भेजा। उन्होंने अध्यक्ष के रूप में अपनी अनुमति दी और व्यवस्था बनाने के लिये व्यापार मंडल के सहयोग से यहां पार्किंग कराए जाने का अनुरोध किया। यह स्पष्ट था कि पार्किंग निशुल्क होगी। इसी बीच पता चला कि यहां अशोकराज नाम का व्यक्ति पार्किंग वालों से 25 और 50 रुपए वसूल रहा है। इसकी शिकायत सांसद प्रतिनिधि तक पहुंची और उन्होंने सिहानी गेट थाने में तहरीर दी। इस तहरीर में उन्होंने खुद को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र का अध्यक्ष बताया। पुलिस ने इस मामले में सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की और कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार शर्मा ने लिखा कि तहरीर के आधार पर शब्द ब शब्द कंप्यूटर पर कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा टाइप कर एफआईआर की गई है। इस मामले में उपनिरीक्षण विभांशु तोमर विवेचना कर रहे हैं।






दर्ज एफआईआर में राजेंद्र मित्तल मेदी वालों को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र अंबेडकर रोड का अध्यक्ष बताया गया है। रिपोर्ट में ये कहा गया है कि यहां पर अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। जबकि त्यौहारी सीजन के दृष्टिगत शहर विधायक संजीव शर्मा के अनुरोध पर निशुल्क पार्किंग हेतु मैदान उपलब्ध कराया जाना था। इस व्यवस्था की देखरेख व्यापार मंडल को दी गई थी। इसकी लिखित प्रतिलिपि 9 अक्टूबर को जीडीए वीसी तथा पुलिस आयुक्त को भेजी जा चुकी है।

जानकारी प्राप्त हुई कि यहां पर अशोकराज नामक एक व्यक्ति द्वारा फर्जी तरीके से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। यह शुल्क छोटे नाबालिग बच्चों के माध्यम से रशीद काटकर किया जा रहा है। इससे प्रतीत होता है कि कुछ लोग इस स्थान पर अवैध कब्जे की मंशा से कार्य कर रहे हैं। राजेंद्र मित्तल ने अपनी तहरीर में ये निवेदन किया था कि मौके पर जांच की जाए और अवैध वसूली करवाने वाले व्यक्तियों को वहां से हटवाया जाए तथा दोषी व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

अब इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार मित्तल मेदी वाले को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र का अध्यक्ष माना है। पुलिस ने इस मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रिपोर्ट में राजेंद्र मित्तल मेदी वालों का पता स्थायी और वर्तमान दोनों ही जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र अंबेडकर रोड बताया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया में कोहली-रोहित को देखने का आखिरी मौका!

## तेज गेंदबाज कमिंस बोले- भारत से सीरीज होगी खास

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज को खास बताया है। उन्होंने कहा कि यह सीरीज ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे भारतीय दिग्गजों को मैदान पर एक साथ देखने का संभवतः आखिरी मौका हो सकता है। रो-को को लेकर कमिंस का बयान कमिंस ने जियो हॉटस्टार से बातचीत में कहा, 'विराट और रोहित पिछले 15 वर्षों से लगभग हर भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। इसलिए यह सीरीज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बेहद खास है। शायद यह आखिरी बार होगा जब वे इन दोनों दिग्गजों को ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खेलते देख पाएंगे।' उन्होंने कहा, 'दोनों ने भारत के लिए क्रिकेट में अमूल्य योगदान दिया है और जब भी वे मैदान पर उतरते हैं, उन्हें अपार समर्थन मिलता है। उनके खिलाफ खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती और रोमांचक अनुभव होता है।' मिचेल मार्श के नेतृत्व पर भरोसा जताया




कमिंस ने कार्यवाहक कप्तान मिचेल मार्श की तारीफ करते हुए कहा कि टीम को उनके नेतृत्व में आक्रामक और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह सिर्फ जीतने की सीरीज नहीं है, बल्कि युवा खिलाड़ियों को मौका देने का समय भी है। कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक विश्व कप नहीं खेला है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पास अगले टूनामेंट से पहले एक मजबूत 15 सदस्यीय टीम तैयार हो।'

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क द्वारा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले पर कमिंस ने कहा कि वह उनके निर्णय को पूरी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे पता था कि स्टार्क काफी समय से टी20 से संन्यास लेने पर विचार कर रहे थे। तीनों प्रारूपों में खेलना बेहद कठिन होता है, खासकर जब आप सौ से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके हों। वह अब टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देना चाहते हैं, और यह पूरी तरह सही फैसला है।' कमिंस ने जोड़ा, 'स्टार्क का टी20 करियर शानदार रहा है। हालांकि उनके स्तर का प्रदर्शन दोहराना कठिन है, लेकिन टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो उनकी भूमिका निभा सकते हैं।' पर्थ में रविवार से शुरू हो रही भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज को लेकर स्थानीय दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। यह सीरीज न सिर्फ दो शीर्ष टीमों के बीच भिड़ंत होगी।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप : तन्वी, उन्नति और रक्षिता प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री रामराज ने बुधवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्तो को 15-12, 15-7 से हराया जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने अमेरिका की एलिस वैंग को 15-8, 15-5 से शिकस्त दी। दसवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सिंगापुर की आलिया जकारिया को 11-15, 15-5, 15-8 से हराया।






### तन्वी का चीन की खिलाड़ी से सामना

तन्वी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की ली युआन सुन से भिड़ेंगी। ली ने तीसरे दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त लियाओ जुई-ची को 15-12, 15-12 से हराया। रक्षिता श्रीलंका की चौथी वरीयता प्राप्त रानीथमा लियानागे के खिलाफ खेलेंगी जिन्होंने मलेशिया की लेर क्यू इंग को 15-9, 15-12 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

लड़कियों ने पदक की ओर कदम बढ़ाए हैं जबकि लड़कों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें केवल ज्ञान दत्तू टीटी पर टिकी हैं जिन्होंने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त हमवतन सूर्याक्ष रावत को 11-15, 15-6, 15-11 से हराया। रौनक को हालांकि चीन के ली जी हैंग को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 11-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा।

मिश्रित युगल में भव्य छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंच गई। इस 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने आस्के रोमर और जैस्मीन विलिस की डेनमार्क की जोड़ी को 15-13, 15-11 से हराया। भारत ने टूनार्मेंट में 25 सदस्यीय टीम उतारी है। लड़कियों के एकल वर्ग में खिलाड़ी प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक जीते गए 11 व्यक्तिगत पदकों में इजाफा करने की प्रबल दावेदार हैं।

# द. अफ्रीका, आइवरी कोस्ट, सेनेगल, कतर और सऊदी अरब ने क्वालिफाई किया, यूरोप से इंग्लैंड बनी पहली टीम

**अफ्रीका।** अफ्रीका से विश्व कप 2026 के लिए तीन बड़ी टीमें- दक्षिण अफ्रीका, आइवरी कोस्ट और सेनेगल ने अपना टिकट पक्का कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को रवांडा को 3-0 से हराकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 2010 के बाद पहला मौका है जब दक्षिण अफ्रीका फीफा विश्व कप में हिस्सा लेगा।

इस जीत के साथ ही नाइजीरिया को अपने ग्रुप में दूसरा स्थान मिला और उसे अब प्लेऑफ के जरिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। हालांकि नाइजीरिया ने बेनिन को उसके घरेलू मैदान पर विक्टर ओसिमेन की हैट्रिक की बदौलत 4-0 से हराया। उधर, आइवरी कोस्ट ने कीनिया पर 3-0 की जीत दर्ज कर सीधा क्वालिफिकेशन हासिल किया, जबकि सेनेगल ने मॉरिटानिया को 4-0 से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप में जगह बनाई।

एशियाई क्वालिफायर के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर विश्व कप 2026 में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। कतर ने दोहा में खेले गए मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 2-1 से हराया, जबकि सऊदी अरब ने जेद्दा में इराक के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। दोनों टीमें अब एशिया से विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सातवीं और आठवीं टीम बन गई हैं। कतर दूसरी बार विश्व कप में हिस्सा लेगा। पिछली बार वह मेजबान देश के रूप में खेला था। लेकिन इस बार कतर ने अपने दम पर क्वालीफिकेशन हासिल किया, जो उसके फुटबॉल इतिहास में एक नया अध्याय है। सऊदी अरब अब तक सातवीं बार विश्व कप में हिस्सा लेने जा रहा है। इससे पहले जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन एशिया से जून में ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।



इंग्लैंड ने लाटविया पर 5-0 की बड़ी जीत के साथ विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया और इस तरह यूरोप का पहला देश बना जिसने टूनार्मेंट में जगह पक्की की। कप्तान हैरी केन ने पहले हाफ में दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड ने अपने ग्रुप में दो मैच शेष रहते शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया। इंग्लैंड अब लगातार आठवीं बार फीफा विश्व कप खेलेगा। जर्मन कोच थॉमस ट्यूशेल के नेतृत्व में इंग्लिश टीम ने अब तक क्वालिफाइंग के छह मैचों में एक भी गोल नहीं खाया है। केन ने मैच के बाद कहा, 'कभी-कभी यह आसान लग सकता है, लेकिन क्वालिफाई करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हम किसी भी टीम के खिलाफ खेलें, हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं।'

पिछले दो विश्व कप में जगह नहीं बना पाने वाला इटली अब प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुका है। उसने इजरायल को 3-0 से हराया और अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। नॉर्वे फिलहाल तीन अंक आगे है और गोल अंतर में बेहतर स्थिति में है। वहीं स्पेन ने बुल्गारिया को 4-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। स्पेन अब तुर्किये से तीन अंक आगे है, जिसने जॉर्जिया को 4-1 से मात दी।

# नॉर्वे शतरंज के आयोजकों का नई घोषणा शतरंज विश्व चैम्पियनशिप टूर शुरू किया




**नई दिल्ली।** नॉर्वे शतरंज के आयोजकों ने बुधवार को टोटल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप टूर को शुरू करने की घोषणा की जिसमें हर साल चार प्रतियोगिताएं होंगी और तीनों प्रारूप फास्ट क्लासिक, रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में एक संयुक्त चैंपियन होगा। नॉर्वे शतरंज के सीईओ केजेल मैडलैंड ने पीटीआई को बताया कि टूनार्मेंट के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह प्रतियोगिता 2027 से प्रत्येक साल आयोजित की जाएगी।

मैडलैंड ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि यह (टोटल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप टूर) पूरे शतरंज कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक बन जाएगा।' उन्होंने कहा कि क्लासिकल प्रारूप में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप और टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर एक साथ चलेंगे, क्योंकि इसे फिडे से मंजूरी मिल गई है।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया क्वालिफायर्स का नया रिकॉर्ड, हंगरी ने पुर्तगाल का इंतजार बढ़ाया

**पुर्तगाल।** पुर्तगाल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। 40 साल की उम्र में भी रोनाल्डो ने दिखा दिया कि उनका गोल करने का जुनून अब भी बरकरार है। उन्होंने मंगलवार को हंगरी के खिलाफ खेले गए वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में दो गोल दागे, जिससे उन्होंने एक नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोनाल्डो अब विश्व कप क्वालिफायर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 22वें मिनट में करीब से गोल दागकर फीफा विश्व कप क्वालिफायर्स में 40वां गोल पूरा किया, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के पूर्व स्टार कार्लोस रूइज को पीछे छोड़ दिया।

पहले हाफ के इंजरी टाइम में रोनाल्डो ने एक और शानदार गोल करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। यह उनका 50वें क्वालिफायर मैच में 41वां गोल था। यह एक ऐसा आंकड़ा है जिसे कोई भी पुरुष फुटबॉलर छू नहीं पाया है। इसके साथ ही रोनाल्डो के अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल गोलों की संख्या 143 हो गईस, जो कि पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे अधिक है। रोनाल्डो के नाम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के कुछ सबसे बड़े रिकॉर्ड भी दर्ज हैं।



रोनाल्डो के नाम अब पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैचों में रिकॉर्ड

- इतिहास में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय गोल: 133
- पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए सर्वाधिक मैच: 215+
- यूरोपीय चैंपियनशिप के इतिहास में सर्वाधिक गोल: 14

143 गोल हो गए हैं। फीफा विश्व कप क्वालिफायर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची हम आपको दिखा रहे हैं। रोनाल्डो से ज्यादा मैच खेलने के बावजूद, मेसी इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने अर्जेंटीना के लिए 72 विश्व कप क्वालिफाइंग मैचों में 36 गोल किए हैं।

# भारत-पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप हॉकी में मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच खेल प्रतिस्पर्धा भले ही दशकों पुरानी हो, लेकिन सुल्तान ऑफ जोहोर कप हॉकी टूनार्मेंट के दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों ने खेल भावना की एक नई मिसाल पेश की। मंगलवार को खेले गए जूनियर हॉकी मैच से पहले जब दोनों देशों के राष्ट्रीय गान बजाए गए, तो उसके तुरंत बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाई-फाइव किया और हाथ मिलाया।

मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ। इसके बाद भी दोनों टीमों के खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिलाते हुए दिखे। यह दृश्य खास इसलिए था क्योंकि कुछ हफ्ते पहले हुए एशिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट में दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच ऐसा कोई दृश्य नहीं देखने को मिला था।




### क्रिकेट में थी दूरी, हॉकी में दिखी नजदीकी

एशिया कप क्रिकेट में भारत की कप्तानी सूर्यकुमार यादव ने की थी, और उस दौरान भारतीय टीम ने पाकिस्तान से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति सम्मान जताने के लिए लिया गया था।

फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर ट्रॉफी जीती, लेकिन उस वक्त भी टीम इंडिया ने पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी, जो पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं, से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इससे साफ था कि मैदान के बाहर की राजनयिक तनाव की स्थिति का असर क्रिकेट मैदान पर भी दिखाई दे रहा था।

एशिया कप के बाद जब सूर्यकुमार यादव से पूछा गया कि क्या भविष्य में पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाने की नीति जारी रहेगी, तो उन्होंने बेहद संतुलित जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता आगे क्या होगा। दिल्ली अभी बहुत दूर है। हम पाकिस्तान से सिर्फ मल्टीनेशन टूनार्मेंट में खेलते हैं, इसलिए जब अगली बार मौका आएगा, तब देखा जाएगा। फिलहाल हम इस पल का आनंद लेना चाहते हैं।' उनके इस बयान ने स्पष्ट किया कि टीम इंडिया फिलहाल खेल भावना और राष्ट्रीय सम्मान के बीच संतुलन बनाए रखना चाहती है।

### हॉकी में मिला संदेश

वहीं, सुल्तान ऑफ जोहोर कप हॉकी टूनार्मेंट में माहौल एकदम अलग था। मैच से पहले ही पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (ढलत्र) ने अपने खिलाड़ियों को हिदायत दी थी कि वे भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण स्थिति या टकराव से बचें और केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'खिलाड़ियों को पहले से मानसिक रूप से तैयार कर दिया गया था कि अगर भारतीय खिलाड़ी हाथ नहीं मिलाते हैं, तो उसे नजरअंदाज करें और बस आगे बढ़ जाएं। उन्हें किसी भी तरह की भावनात्मक प्रतिक्रिया या इशारों से बचने को कहा गया था।'

# भारतीय महिला टीम पर धीमी ओवर गति के लिए जुमार्ना




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। रविवार को विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को तीन विकेट से हराया।

भारत को अब रविवार को इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले में उतरना है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की मिशेल पेरेरा ने यह जुमार्ना लगाया क्योंकि भारत ने निर्धारित समय में एक ओवर कम किया था। इस कारण उसके खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है।'

आईसीसी ने कहा कि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जुमार्ना स्वीकार करते हुए अपराध स्वीकार कर लिया है और औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं है।

# नगर निगम ने इंदिरापुरम और कौशांबी में हटाया अतिक्रमण, वसूले 92 हजार रुपये





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम ने इंदिरापुरम और कौशांबी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, जिसमें कई किमी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस अभियान में इंदिरापुरम की कई सड़क किनारे के अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया।

नगर आयुक्त व वसुंधरा जोनल प्रभारी सुनील राय के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया, जिसमें निर्माण, स्वास्थ्य, उद्यान और जोनल प्रभारी की टीमों को शामिल किया गया था। इस अभियान के दौरान, अवैध रूप से लगाए गए खोखे, ठेली-पटरी और अन्य अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा और ग्रीन बेल्ट पार्कों से कब्जा को भी हटाया गया। नगर निगम ने गंदगी में पॉलिथीन को लेकर 92 हजार रुपये का चालान भी किया। इस दौरान क्षेत्र में खड़े बेतरतीब वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य सफाई इंस्पेक्टर अशोक कुमार, टीएस बीके लाल, सफाई नायक संदीप कुमार अभियान में मौजूद रहे।

# मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में नाम सम्मिलित कराने हेतु करें आवेदन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मा० भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.11.2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के अंतर्गत–

सार्वजनिक नोटिस जारी किया जाना 30.09.2025, समाचार पत्रों में प्रथम पुनःप्रकाशन 15.10.2025, द्वितीय पुनःप्रकाशन 25.10.2025, फार्म 18 एवं 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06.11.2025, पांडुलिपियों की तैयारी 20.11.2025 तक, निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 25.11.2025, दावे-आपत्तियों की अवधि 25.11.2025 से 10.12.2025 तक, निस्तारण की अंतिम तिथि 25.12.2025 तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 31.12.2025 तक सुनिश्चित किया गया है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा इस संबंध में लोक सूचना दिनांक 30.09.2025 को प्रकाशनार्थ जारी कर दी गयी है। विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में सम्मिलित जनपद गाजियाबाद के अर्ह नागरिकों के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर नामांकन आवेदन प्राप्त करने हेतु पदनामित एवं अतिरिक्त पदनामित अधिकारियों की तैनाती की गई है। ये अधिकारी दिनांक 30.09.2025 से 06.11.2025 तक कार्यालय समय में उपस्थित रहकर पात्र नागरिकों से फार्म-18 (स्नातक हेतु) एवं फार्म-19 (शिक्षक हेतु) में आवेदन प्राप्त करेंगे।

जन सामान्य की जानकारी हेतु यह भी अवगत कराया जाता है कि फार्म-18 एवं फार्म-19 अपने संबंधित मतदान केंद्रों, तहसील कार्यालयों अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, कक्ष संख्या 309, द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उच्च शिक्षा में उच्चतम गुणवत्ता बनाए रखने पर दिया जोर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहन नगर स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार मुलाकात की इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संस्था द्वारा दी जा रही उच्च शिक्षा के गुणवत्ता की सराहना की साथ ही युवाओं को भविष्य के लिए सशक्त बनाने के लिए कौशल विकास और मूल्य आधारित शिक्षा पर जोर दिया उन्होंने कहा कि व्यावहारिक अनुभव और कौशल-केंद्रित शिक्षा भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि संस्थान इस दिशा में लगातार काम कर रहा है।

आई.टी.एस झ द एजुकेशन ग्रुप अकादमिक और उद्योग के बीच सेतु का कार्य करता है, और सभी पाठ्यक्रमों में कौशल संवर्धन, उद्यमिता विकास और डिजिटल दक्षता कार्यक्रमों को शामिल कर रहा है।

# 10 साल के भरोसे का गला घोंटा किराएदार महिला निकली चोर






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में 13 अक्टूबर को हुई चोरी की एक सनसनीखेज घटना का सफलतापूर्वक पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्ता हेमा वही महिला है, जो पिछले दस वर्षों से उसी मकान में किराए पर रह रही थी, जहां से चोरी की वारदात हुई।

पुलिस ने बताया कि हेमा ने मकान मालिक के साथ लंबे समय तक बने विश्वास को तोड़ते हुए चोरी की योजना बनाई। पएसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि हेमा को मकान की हर छोटी-बड़ी जानकारी थी। चाबियों का स्थान, कीमती सामानों की जगह और मकान मालिक की दिनचर्या की जानकारी का उपयोग करते हुए उसने मौका पाकर चोरी को अंजाम दिया। चोरी में सोने का हार, कई जोड़ी पायल, चांदी की अंगूठी, बिछुए तथा 1 लाख 60 हजार रुपये नकद शामिल हैं। इस वारदात से मकान मालिक भावुक और आहत हैं क्योंकि उन्होंने हेमा पर पुराना भरोसा किया था।

पुलिस अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि किराए पर कोई भी व्यक्ति रखें या घर पर स्टाफ रखें, तो पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराएं ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गहन जांच से यह मामला सुलझा है और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# मुठभेड़ के दौरान 25 हजार का इनामी बदमाश अफजल किया गिरफ्तार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम थाना पुलिस को मंगलवार देर शाम एक बड़ी सफलता मिली, जब पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25,000 के इनामी बदमाश अफजल को गिरफ्तार कर लिया गया। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के मुताबिक, थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम मंगलवार देर शाम सेक्टर-1 वसुंधरा टी-पॉइंट पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान हिण्डन पुलिया की ओर से एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखा। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो आरोपी ने भागने की कोशिश की। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर आरोपी की बाइक सेक्टर-2ए वसुंधरा के पास फिसलकर गिर गई। खुद को चारों ओर से घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने तत्काल आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली आरोपी अफजल के पैर में लगी और वह घायल हो गया।

स्नैचिंग और लूट की वारदातों में था शामिल घायल आरोपी की पहचान अफजल पुत्र अनवर निवासी ए-248 लक्ष्मी गार्डन, थाना लोनी बॉर्डर, गाजियाबाद के रूप में हुई है। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, अफजल पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं और वह स्नैचिंग तथा लूट की कई वारदातों में शामिल रहा है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि करीब एक माह पहले उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वसुंधरा सेक्टर-8 में एक बाइक सवार व्यक्ति से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अब उसके साथियों की तलाश कर रही है।

# एनपीएस पब्लिक स्कूल के अध्यापक संदीप नागर और विजय कुमार को मिली बड़ी जिम्मेदारी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद उत्तर प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के महासचिव द्वारा जिला वालीबॉल एसोसिएशन गाजियाबाद की कमेटी में संदीप नागर और विजय कुमार को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए सम्मानित किया है। सुनील तिवारी, महासचिव उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन और पूर्व कोषअध्यक्ष भारतीय वॉलीबॉल ने जनपद गाजियाबाद की जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन का गठन कर संदीप नागर (नेशनल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर) विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा और विजय कुमार (राष्ट्रीय खिलाड़ी) को जिला वॉलीबॉल संघ गाजियाबाद का पदाधिकारी नियुक्त किया है। इस उपलब्धि को लेकर नव नियुक्त पदाधिकारी संदीप नागर और विजय कुमार के समर्थकों में काफी खुशी का माहौल है।

## नोएडा के बिसरख में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला जनसुनवाई एवं पोषण पंचायत सम्पन्न


**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के ब्लॉक बिसरख में मिशन शक्ति 5.0 के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम एवं पोषण पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने तथा संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान महिला आयोग की सदस्या डॉ. मीनाक्षी भराला ने जनपद की विभिन्न क्षेत्रों से आई 9 महिलाओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, स्वास्थ्य, रोजगार, पोषण, परिवारिक विवाद आदि से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र समस्या समाधान के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में उन्होंने महिलाओं को शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुरक्षा सेवाओं, जिसमें 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन समेत अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।




## सिटी के एक थाने में जल्द लिखेगा साहब का नाम

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों निर्माण कार्यों पर तेजी से काम हो रहा है। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही सिटी जोन के एक थाने में साहब और इलाके वाले साहब के नाम का बोर्ड लगने वाला है। बताया जा रहा है कि सिटी के सबसे टेंशन और अटेंशन वाले थाने में इन दिनों एक निर्माण कार्य पूरा हुआ है। इस निर्माण कार्य में लोगों के लिए वेटिंग एरिया का निर्माण कराया गया है। जिसमें पंखे से लेकर लाइटें और छत से लेकर सीट तक की व्यवस्था कर दी गई है। अब सुनने में आ रहा है कि यह उसी मैदान में बनाया गया है, जहां कभी एक माननीय ने पेड़ भी लगाया था। अब यहां पर नया स्थान बन गया है और उसमें स्थान में जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट वाले साहब इलाके वाले साहब के नाम का पत्थर लगने वाला है। बताया जा रहा है कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस भी जोन में नई चौकी, हल्का या नया कुछ कार्य हो रहा है ,उसमें साहब से लेकर कई अन्य अधिकारियों के नाम लिखें जा रहे हैं। वैसे सुनने में आया है कि जो नया निर्माण हुआ है, उसमें बाकायदा पत्थर और बोर्ड के लिए जगह भी छोड़ी गई है। अब देखना यह होगा कि इसका उद्घाटन कब होता है। उद्घाटन में कौन-कौन से स्तर के अधिकारी शामिल होते हैं और फिर इसका कितना इस्तेमाल होता है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि जल्द ही सिटी के एक और थाने का मुख्य गेट दूर से ही नजर आएगा। उसमें लाइट भी होगी, तो वह अपनी अलग पहचान भी प्रदर्शित करेगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से पुलिस ऑफिस से लेकर अलग-अलग अधिकारियों के कार्यालयों की तस्वीर बदली जा रही है, उससे एक अलग संदेश जा रहा है। उधर सूत्रों ने बताया है कि जिस तरीके से सिटी वाले साहब के कार्यालय के काम होने का सिलसिला शुरू हुआ था, वह अभी रुक नहीं रहा है। वहां कभी वॉल बनती है, तो कभी वॉलपेपर लग रहा है। तो कभी पेशी की दशा सुधारी जा रही है। तो कभी पार्किंग एरिया ठीक हो रहा है। कुल मिलाकर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग स्तर के अधिकारियों के कार्यालय उनके कार्यक्षेत्र को बदला जा रहा है, उससे कहीं ना कहीं एक पॉजिटिव माहौल बन रहा है। साथ ही सुंदर नजारा भी प्रस्तुत हो रहा है।




# सिटी जोन पुलिस ने बरामद किए 150 चोरी के मोबाइल डीसीपी सिटी ने अपने हाथों से लौटाए चोरी व गुम हुए फोन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली से पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन पुलिस ने शहर में चलाए गए अभियान के तहत चोरी और खोए हुए मोबाइल की बड़ी बरामदगी की है।

डीसीपी सिटी आईपीएस धवल जयसवाल ने अपने हाथों से 150 मोबाइल फोन (कुल कीमत लगभग 35 लाख रुपए) उनके असली मालिकों को लौटाएं हैं। जिसके बाद लोगों ने उनको व गाजियाबाद पुलिस को धन्यवाद दिया है। उधर पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि नगर कोतवाली, सिहानी गेट, नंदग्राम, कविनगर, मधुबन बापधाम, विजय नगर, साइबर थानों की टीमों ने सर्विलांस एवं कम्पनियों के इनपुट के आधार पर तकनीकी जांच कर मोबाइल की पहचान की और उन्हें बरामद किया है।

**जनता में मजबूत हो रहा है भरोसा : डीसीपी सिटी**

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी धवल जयसवाल ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से शहर में मोबाइल चोरी और स्नेचिंग जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा और आम लोगों का भरोसा पुलिस पर मजबूत होगा।

**थानावार मोबाइल बरामदगी**

कोतवाली नगर 40
विजय नगर 40
सिहानी गेट 15
नंदग्राम17
कविनगर 14
मधुबन बापधाम18
साइबर 6

## दीपावली पर गाजियाबाद की उज्ज्वला बहनों को मिला रिफिलिंग चेक का तोहफा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने जानकारी दी कि जनपद में कुल 106242 उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाएं हैं। दीपावली के शुभ अवसर पर इनमें से बड़ी संख्या में लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए अनुदान के चेक दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत वर्ष में दो बार फ्री रिफिलिंग की सुविधा दी जाती है, और सरकार द्वारा रिफिलिंग की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाती है।

अमित तिवारी ने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की कि वे अपनी नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर सिलेंडर रिफिल कराएं, और संबंधित इस मौके पर गाजियाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे।

उन्होंने उज्ज्वला योजना की प्रशंसा करते हुए लाभार्थियों को चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह योजना नारी सशक्तिकरण की दिशा में केंद्र और प्रदेश सरकार की बड़ी पहल है। उन्होंने ह्यमिशन शक्तिह्न का उल्लेख करते हुए कहा कि यही असली मिशन शक्ति है, जो महिलाओं को गरिमा और सम्मान प्रदान करती है।

इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओं ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना बेहद लाभकारी है। एक महिला ने बताया कि पहले लकड़ी और धुएं से खाना बनाना पड़ता था, जिससे परिवार के लोग बीमार हो जाते थे। अब गैस सिलेंडर मिलने से न सिर्फ काम आसान हुआ है, बल्कि घर का वातावरण भी स्वच्छ हुआ है।

# यूपी में गठबंधन और बिहार में उतार दिए 47 प्रत्याशी, ये है ओमप्रकाश राजभर की राजनीति



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति भी अजीब है। एक राज्य में गठबंधन तो दूसरे राज्य में गठबंधन के दलों के साथ मुकाबला। जी हां, सुहेलदेव समाज पार्टी का यही हाल है।

इसके अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री है। हर समय गठबंधन को मजबूत करने की दुहाई देते फिरते हैं लेकिन उन्होंने बिहार चुनाव में अपनी पार्टी के 47 प्रत्याशी उतार दिए। ओमप्रकाश राजभर ने 153 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया है। ओमप्रकाश राजभर का कहना है कि उनकी पार्टी को बिहार में चुनाव लड़ने के लिए एक भी सीट नहीं दी गई। उन्होंने इस बात के लिए नाराजगी भी जाहिर की है। राजभर ने आरोप लगाया कि भाजपा 'गठबंधन धर्म' का पालन नहीं कर रही है।

ओमप्रकाश राजभर ने आगे कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी बिहार में एक मोर्चा बनाएगी और सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने पहले चरण की 52 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। इनमें से 47 सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है।

# करहेड़ा सिटी फॉरेस्ट पार्क में पुरबिया जनकल्याण मंच की बैठक संपन्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** करहेड़ा सिटी फॉरेस्ट पार्क में पुरबिया जनकल्याण मंच की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। बैठक में शिक्षा, सरकार और रोजगार को लेकर संकल्प लिया गया। बैठक में संस्थापक और संचालक कुंवर चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में महापर्व दीपावली और छठ पूजा के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई और उसकी तैयारी हेतु सभी लोगों को जिम्मेदारी सौंप गई।इसके साथ ही पुरबिया जन कल्याण मंच के कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कामाख्या मिश्रा को समिति से चुना गया और महासचिव पद के लिए संजीत कुमार यादव को सम्मति से चुना गया।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम के जन्मदिन पर उनके परिजनों ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की। उनकी जीवन संगिनी उनकी पत्नी ने उनकी लंबी आयु ,उत्तम स्वास्थ्य और जीवन की हर खुशी उनके लिए मांगी। उनकी लाडली बेटी और बेटे ने अपने पापा को जन्मदिन की शुभकामनाएं और बधाई दी। परिवार प्यार और संस्कार का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## न्यूज डायरी

### 7वीं बार यूएन की मानवाधिकार परिषद के लिए निर्विरोध चुना गया भारत, तीन वर्ष का होगा कार्यकाल



संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2026-28 के लिए भारत को मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुन लिया है। तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए भारत का चुनाव चुनाव की घोषणा के बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि यह भारत की मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत अपने कार्यकाल के दौरान इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है और सभी देशों का समर्थन के लिए आभार प्रकट किया।

मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख संस्था है जिसमें 47 सदस्य देश शामिल हैं। इसका गठन 2006 में यूएन महासभा द्वारा किया गया था। इसी वर्ष भारत पहली बार इसका सदस्य चुना गया था। परिषद का मुख्य कार्य दुनियाभर में मानवाधिकारों को बढ़ावा देना, सदस्य देशों में उनकी स्थिति की समीक्षा करना और उनसे जुड़े मुद्दों पर चर्चा का मंच प्रदान करना है।

### भारतीय राजदूत ने की सीनेटर टैमी से मुलाकात

**अमेरिका।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सीनेट में क्वाड कॉकस की सह-संस्थापक सीनेटर टैमी डकवर्थ से मुलाकात की। राजदूत क्वात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, कानूनी गतिशीलता और रक्षा सहयोग पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने ऊर्जा सहयोग के ढांचे के तहत तेल और गैस व्यापार के साथ जैव ईंधन पर भी विचार साझा किए।

### चीनी स्कूल में हिंदी की पढ़ाई, राजदूत ने शिक्षिका को किया सम्मानित

**चीन।** चीन में स्कूल स्तर पर पहली बार हिंदी की औपचारिक पढ़ाई शुरू हुई है। इस पहल के शुरू होने पर चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर के साथ मिलकर ब्रिटानिका इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिका भव्या मेहता का सम्मान किया। भव्या मेहता कीर्ति चक्र विजेता ब्रिगेडियर रवि दत्त मेहता की बेटी हैं। यह पहल विश्वविद्यालय कार्यक्रमों से परे हिंदी की पहुंच का विस्तार करती है।

### चीन का द. कोरियाई कंपनी की 5 अमेरिकी इकाइयों पर प्रतिबंध

**चीन।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने दक्षिण कोरियाई जहाज विनिमार्ता हनव्हा ओशन की 5 इकाइयों से चीनी कंपनियों के लेनदेन पर रोक लगा दी है। मंत्रालय ने कहा, वह विश्व जहाज विनिर्माण में चीन के बढ़ते प्रभुत्व की अमेरिका द्वारा की जा रही जांच की तहकीकात कर रहा है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के जहाजों पर नए बंदरगाह शुल्क लगाए हैं।

### ब्रिटेन में अब वीजा आवेदकों के लिए कठिन होगी परीक्षा

**ब्रिटेन।** सरकार ने भारत सहित अन्य देशों के वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी भाषा की अनिवार्य परीक्षा को मंगलवार को और कठिन बनाने की शर्तें पेश कीं। ब्रिटेन में बढ़ते आव्रजन पर कार्रवाई के तहत संसद में यह प्रस्ताव रखा गया। अंग्रेजी की यह नई परीक्षा ब्रिटेन के गृह विभाग की तरफ से आयोजित होगी। आठ जनवरी, 2026 से सभी कुशल श्रमिकों के लिए आगामी वीजा आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में परिणामों का सत्यापन किया जाएगा। वीजा आवेदक का अंग्रेजी बोलने, सुनने, पढ़ने और लिखने का स्तर ए-लेवल अथवा 12वीं कक्षा के समकक्ष होना चाहिए, जिसे लेवल बी-2 कहा जाता है।

### इक्वाडोर की व्यस्त सड़क पर पिकअप ट्रक में विस्फोट, एक की मौत

**इक्वाडोर।** इक्वाडोर के बंदरगाह शहर गुआयाकिल की एक व्यस्त सड़क पर मंगलवार शाम एक पिकअप ट्रक में विस्फोट हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए। गुआयाकिल अग्निशमन विभाग के मेजर जॉर्ज मोंटेनेरो ने स्थानीय टेलीविजन स्टेशन को बताया कि मारा गया व्यक्ति एक कैब ड्राइवर था, जो कि धमाके वाली जगह के पास में ही था। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस आसपास के इलाके में सभी वाहनों की भी जाँच कर रही है।

मोंटानेरो ने कहा, हम एहतियात के तौर पर पूरी इमारत खाली करा रहे हैं।₹ यह पूछे जाने पर कि क्या यह कार बम हो सकता है, उन्होंने कहा कि उन्हें पुलिस की जांच का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा, ₹हमें नहीं पता, लेकिन एक सामान्य कार इस तरह नहीं फटती। 2023 में इक्वाडोर में एक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या के बाद हिंसा बढ़ने के कारण कई कार बम विस्फोट हुए थे। गवर्नर हम्बर्टो प्लाजा ने मंगलवार के विस्फोट को साफ-साफ आतंकवाद बताया और वादा किया कि पुलिस इसके लिए ज़िम्मेदार लोगों को ढूंढ निकालेगी। उन्होंने कहा, हम इसके जिम्मेदार लोगों को पकड़ेंगे और उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। इन लोगों पर आतंकवाद का मुकदमा चलाया जाएगा।

### दुबई में दिवाली से पहले मसालों से बनी रंगोली ने खींचा ध्यान

**दुबई।** दुबई के एक बाजार ने स्थानीय दिवाली उत्सव में चार चांद लगा दिए हैं। इसे खाड़ी शहर में मसालों की 'सबसे बड़ी' रंगोली कहा जा रहा है। 66 मीटर की यह विशाल रंगोली, वॉटरफ्रंट मार्केट से ही प्राप्त दालचीनी, हल्दी, मिर्च, धनिया और लौंग सहित 60 किलो से ज्यादा विभिन्न मसालों का उपयोग करके बनाई गई है। इस रंगोली का अनावरण दिवाली से जुड़े एक समारोह के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के वाणिज्य दूत (पासपोर्ट) सुनील कुमार और दुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल एस्टेब्लिशमेंट (डीएफआरई) के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। आयोजकों ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस कार्यक्रम में एकजुटता, संस्कृति और समुदाय की भावना का प्रदर्शन किया गया।

### केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा का केरल में हृदय गति रुकने से निधन

**केन्या।** केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा, जो आयुर्वेदिक उपचार के लिए केरल के एनार्कुलम जिले के कूथाट्टुकुलम आए थे, का बुधवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। पुलिस और अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आयुर्वेदिक नेत्र अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि ओडिंगा सुबह की सैर के दौरान आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में बेहोश हो गए और उन्हें कूथाट्टुकुलम के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ सुबह लगभग 9.52 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर फिलहाल अस्पताल में रखा हुआ है। प्रवक्ता ने बताया कि ओडिंगा और उनका परिवार अस्पताल आते-जाते रहे थे, जिसने पहले उनकी बेटी की आंखों की रोशनी वापस पाने में मदद की थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ओडिंगा की मौत के संबंध में सूचना प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया के लिए एफआरआरओ (विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय) को भेज दी गई है।

### पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीम की सुरक्षा कर रहे पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को अज्ञात हमलावरों ने पोलियो-रोधी टीकाकरण दल की सुरक्षा कर रहे एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि नौशेरा जिले के निजामपुर के काहाई गांव में पोलियो रोधी टीकाकरण दल को निशाना बनाया गया। खैबर पख्तूनख्वा में पिछले 24 घंटों में इस तरह की यह दूसरी घटना है। 35 वर्षीय पुलिस अधिकारी पर जब हमला हुआ, तब वह पोलियो टीकाकरण दल के साथ ड्यूटी पर थे। घटना के बाद, पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया, जो मौके से भागने में कामयाब रहे। इसी तरह के एक अन्य हमले में, मंगलवार को स्वात जिले के अरकोट इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने पोलियो टीकाकरण दल की सुरक्षा कर रहे एक सुरक्षा अधिकारी की हत्या कर दी। पोलियो टीकाकरण टीमों और उनके सुरक्षाकर्मियों पर हमले पाकिस्तान में, खासकर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में, एक लगातार चुनौती रहे हैं। उग्रवादी समूह अक्सर टीकाकरण अभियान का विरोध करते हैं और यह गलत सूचना फैलाते हैं कि यह टीका पश्चिमी देशों की साजिश है।

# जेलेंस्की-ट्रंप की मुलाकात से पहले अमेरिका में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल, हथियार कंपनियों का किया दौरा

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से जारी संघर्ष थमने का नाम नहीं रहा। कई देशों द्वारा किए गए अथक प्रयासों के बाद भी अभी तक इस संघर्ष के थमने का दूर-दूर तक कोई आसार नहीं दिख रहा है। इसी बीच राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होने वाली मुलाकात से पहले यूक्रेन का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका दौरे पर है। इस दौरान प्रतिनिधियों ने अमेरिका की दो बड़ी हथियार कंपनियों लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन का दौरा किया और कई अधिकारियों से मुलाकात की।

बता दें कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति कार्यालय प्रमुख एंड्री यरमक और प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेंको कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूक्रेन का इन कंपनियों के साथ सहयोग लगातार बढ़ रहा है। यूक्रेन अमेरिका से क्रूज मिसाइल, एयर डिफेंस सिस्टम और ड्रोन निर्माण में साझेदारी चाहता है। खासतौर पर रेथियॉन की पैट्रियट मिसाइलें और टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें यूक्रेन के लिए अहम मानी जा रही हैं। टॉमहॉक से यूक्रेन रूस के अंदर गहरे और सटीक हमले कर सकता है।



यूक्रेनी प्रधानमंत्री स्विरीडेंको ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात कर यूएस-यूक्रेन पुनर्निवेश कोष को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज की है। इस फंड से अमेरिका को यूक्रेन के खनिज संसाधनों तक पहुंच मिलेगी और ऊर्जा व इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश किया जाएगा।

#### जारी है रूस का यूक्रेन पर हमला

गौरतलब है कि इन सबके बीच भी रूस का यूक्रेन पर हमला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा ठिकानों पर हमले लगातार जारी हैं। यूक्रेन ने क्रीमिया के फियोदोसिया तेल टर्मिनल पर हमला कर 16 ईंधन टैंक तबाह कर दिए। वहीं रूस ने यूक्रेन की तेल कंपनी नैफ्टोगाज के एक थर्मल पावर प्लांट पर हमला किया। इसके चलते कम से कम दो क्षेत्रों में ब्लैकआउट हो गया।

#### क्या ट्रंप देंगे टॉमहॉक देने की मंजूरी?

मीडिया रिपोर्ट की माने तो जेलेंस्की की ट्रंप से होने वाली मुलाकात में टॉमहॉक मिसाइलें हासिल करने की मांग की जा सकती है। हालांकि अमेरिका अभी इस पर फैसला लेने से हिचक रहा है क्योंकि इस फैसले से युद्ध और तेज हो सकता है। उधर, ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर रूस जल्द युद्ध नहीं रोकता तो वे यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें भेज सकते हैं।

# 'यह चीन बनाम पूरी दुनिया की लड़ाई', व्यापारिक तनाव के बीच अमेरिका को भारत से समर्थन की उम्मीद



**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। चीन द्वारा दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि वॉशिंगटन को भारत, यूरोप और एशिया के लोकतांत्रिक देशों से समर्थन मिलने की उम्मीद है।

एक साक्षात्कार में बेसेंट ने कहा यह चीन बनाम दुनिया है। उन्होंने सप्लाई चेन और वैश्विक औद्योगिक ढांचे पर बंदूक तान दी है। लेकिन वे न हमें कमांड करेंगे और न कंट्रोल। अमेरिका अपनी संप्रभुता की रक्षा करेगा। बेसेंट ने बताया कि अमेरिका पहले ही अपने सहयोगियों से संपर्क में है और इस हफ्ते कई देशों के साथ बैठकें होने वाली हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत, यूरोप और अन्य लोकतांत्रिक राष्ट्र इस मोर्चे पर वॉशिंगटन के साथ खड़े होंगे।

#### चीन की नीतियों पर तीखा वार

बेसेंट ने चीन पर उकसाने वाली हरकतें करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जबकि अमेरिका दुनिया में शांति की कोशिश कर रहा है, चीन युद्ध को फंड कर रहा है। उन्होंने कहा डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाली बैठक से पहले दबाव बनाने की कोशिश करना चीन की बड़ी गलती होगी। सूत्रों के अनुसार, ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात इस महीने के अंत में दक्षिण कोरिया में हो सकती है।

हाल ही में ट्रंप ने चीन के खिलाफ 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया। हालांकि, रविवार को ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता न करें, सब ठीक होगा। हम चीन की मदद करना चाहता है, उसे नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते। ट्रंप का यह पोस्ट चीन द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा 1 नवंबर तक चीनी आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी पर आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी करने के कुछ ही घंटों बाद आया है। अमेरिका ने अभी तक चीन के उत्पादों पर 55% टैरिफ लगा रखा है और नए प्रतिबंधों से यह दर बढ़ सकती है।

#### भारत समेत की देशों पर भी असर

इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 50% तक टैरिफ लगाए हैं। जिसमें रूस से तेल खरीद पर अतिरिक्त 25% शुल्क शामिल है। भारत ने इसे अनुचित और अनुचित बताया है। चीन दुनिया के लगभग 70% दुर्लभ खनिजों के खनन और 90% प्रोसेसिंग क्षमता पर नियंत्रण रखता है। इन खनिजों का इस्तेमाल रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर जैसी उन्नत तकनीकों में होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह टकराव आने वाले महीनों में वैश्विक सप्लाई चेन को प्रभावित कर सकता है।

# रूस के हवाई क्षेत्र से आने वाली चीनी एयरलाइंस पर पाबंदी लगा सकता है यूएस, ड्रैगन के इस 'फायदे' से खफा



**वाशिंगटन।** टैरिफ वॉर के बीच अमेरिका और चीन में एक और टकराव हो गया है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में एक प्रस्ताव दिया था कि चीन की एयरलाइंस को रूस के ऊपर से होकर अमेरिका आने-जाने वाली उड़ानों पर प्रतिबंधित किया जाए। जिसके बाद अब चीन की सबसे बड़ी सरकारी एयरलाइनों ने अमेरिकी प्रस्ताव पर पलटवार किया है।

दरअसल, प्रस्ताव में अमेरिकी पक्ष ने कहा कि ऐसी उड़ानें चीनी एयरलाइनों को अमेरिकी एयरलाइनों की तुलना में अनुचित लागत लाभ देती हैं, जो रूसी हवाई क्षेत्र से होकर नहीं जा सकतीं। रूसी एयरस्पेस को लेकर अमेरिका ने कहा कि रूस के हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने से चीनी एयरलाइंस को उड़ान का समय कम करने और ईंधन की बचत का फायदा मिलता है।

#### 2022 में रूस ने बंद किया था हवाई क्षेत्र

मालूम हो कि यूक्रेन पर रूस के हमले के लिए पश्चिमी प्रतिबंधों के जवाब में मास्को ने 2022 में अमेरिकी एयरलाइनों और अधिकांश यूरोपीय एयरलाइनों के लिए रूसी हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। हालांकि चीनी एयरलाइंस पर इस तरह का कोई प्रतिबंध लागू नहीं किया था।

इधर, एयर चाइना, चाइना ईस्टर्न और चाइना सदर्न उन छह चीनी एयरलाइनों में शामिल हैं, जिन्होंने पिछले हफ्ते चीनी एयरलाइनों द्वारा ऐसी उड़ानों पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्तावित आदेश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। चाइना ईस्टर्न ने इस हफ्ते अमेरिकी परिवहन विभाग को दी गई अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रस्तावित प्रतिबंध ₹जनहित को नुकसान पहुंचाएगा₹ और चीन और अमेरिका दोनों के ₹यात्रियों को असुविधा₹ पहुंचाएगा। अतिरिक्त उड़ान समय के परिणामस्वरूप लागत और हवाई किराए में वृद्धि होगी, जिससे सभी यात्रियों पर बोझ बढ़ेगा।

#### चीन के विदेश मंत्रालय ने भी दिया था बयान

चाइना सदर्न ने चेतावनी दी है कि रूसी हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से हजारों यात्रियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। एयर चाइना ने कहा कि उसका अनुमान है कि अगर यह प्रतिबंध थैंक्सगिविंग और क्रिसमस के सीजन में लागू होता है, तो कम से कम 4400 यात्री प्रभावित होंगे। पिछले हफ्ते चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने भी प्रस्तावित प्रतिबंध पर पलटवार करते हुए कहा कि यह कदम दुनिया भर के यात्रियों के लिए दंडनीय होगा।

# मैक्सिको में बाढ़ से पूरा गांव बहा, 60 से ज्यादा लोगों की मौत; दर्जनों अभी भी लापता

**मैक्सिको।** मैक्सिको में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची हुई है। बाढ़ के चलते 400 लोगों का एक पूरा गांव नक्शे से साफ हो गया है और कई इलाकों का संपर्क टूट गया है। लोग ऊंचे इलाकों पर फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित निकाला जा रहा है। सेना के हजारों जवान और नागरिक कार्यकर्ता लोगों को बचाने और सड़कों को फिर से शुरू करने के काम में जुटे हैं। मैक्सिको सरकार ने पुष्टि की है कि बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 64 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों अभी लापता हैं। एक पीड़िता ने बताया कि 'कुछ नहीं बचा, सबकुछ तबाह हो गया। पुल, मकान, सड़कें सबकुछ चला गया है।'



#### दो तूफानों के असर से मैक्सिको में हुई तबाही की बारिश

अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूर-दराज के इलाकों में सैंकड़ों से लेकर हजारों तक लोग लापता हैं और भारी तबाही की आशंका है। मैक्सिको के पश्चिमी तट पर दो उष्णकटिबंधीय तूफानों के मिलने की वजह से मैक्सिको में भारी बारिश हुई। इससे नदियां उफान पर हैं और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन हो रहा है। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता सड़कों को फिर से खोलना और हवाई ब्रिजों को सुरक्षित करना है, जिससे लोगों को राशन की आपूर्ति हो सके और उन्हें सुरक्षित बचाया जा सके।

सरकार और सेना द्वारा लोगों को बचाने की भरसक कोशिश की जा रही है, लेकिन कई लोगों ने मिलकर खुद ही बचाव की कोशिशें शुरू कर दी हैं। कई लोगों ने अमेरिका में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से मदद मांगी है, जिन्होंने किराए पर हेलीकॉप्टर लेकर लोगों को बचाया। दरअसल भारी तबाही से कई इलाके संपर्क से कट गए हैं और वहां पहुंचने के लिए सेना के जवानों को पहुंचने के लिए 6-7 घंटे पैदल चलकर जाना पड़ रहा है। मैक्सिको के वेराक्रूज, हिडाल्गो और पुएबला राज्यों में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है।

# भारतीय मूल के अमेरिकी एश्ले तेलीस के घर मिले हजारों गोपनीय दस्तावेज; चीनी अधिकारियों से संपर्क का भी आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रहे भारतीय मूल के एश्ले जे तेलीस पर गोपनीय दस्तावेज रखने और चीन के अधिकारियों से संपर्क रखने का आरोप लगा है। अमेरिकी न्याय विभाग के दस्तावेजों के हवाले से खबर दी है कि तेलीस के वर्जिनिया के वियना स्थित घर, गाड़ी और उनके करीबी लोगों के ठिकानों पर 11 अक्तूबर को मारे गए छापे में कई गोपनीय दस्तावेज बरामद हुए हैं। एक संघीय अदालत के आदेश पर अमेरिकी जांचकताओं ने छापे की कार्रवाई को अंजाम दिया। तेलीज कानेर्गी एंडोवमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस के टाटा चेयर और वरिष्ठ फेलो हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा और एशियाई मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है।

जांचकताओं ने तेलीस के घर में चार जगहों से हजारों पन्ने के ऐसे दस्तावेज बरामद किए हैं जिनके ऊपर गोपनीय या अति गोपनीय अंकित हैं। तेलीस के घर के भूमिगत तल में बने ऑफिस के चार ड्रॉअर वाला फाइल कैबिनेट, यहीं रखे दो ड्रॉअर वाले फाइल कैबिनेट, इसी ऑफिस के एक डेस्क और भूमिगत तल के एक स्टोर रूम के तीन काले बैगों से ये दस्तावेज बरामद किए गए। इस घटना ने अमेरिकी थिंक टैंक समुदाय को चौंका दिया, क्योंकि तेलीस को अमेरिका-भारत-चीन क्षेत्र में एक विद्वान के रूप में विशेष सम्मान प्राप्त था। तेलीस ने भारत में अमेरिकी राजदूत रहे रॉबर्ट ब्लैकविल के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में भी काम किया था। इसके अलावा वह अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के विशेष सहायक और वरिष्ठ निदेशक थे।



**तेलीस के वर्जिनिया के वियना स्थित घर, गाड़ी और उनके करीबी लोगों के ठिकानों पर 11 अक्तूबर को मारे गए छापे में कई गोपनीय दस्तावेज बरामद हुए हैं।**

# सीमा पर झड़प के बाद पाकिस्तान ने काबुल पर किए हवाई हमले

**अफगानिस्तान।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर तनाव बढ़ा हुआ है। मंगलवार की रात सीमा पर ताजा झड़प में दर्जनों सैनिकों सहित नागरिक भी मारे गए। एक मीडिया रिपोर्ट में बुधवार को दोनों पक्षों के सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई।

#### पाकिस्तानी सेना का दावा- 20 तालिबान लड़ाके मारे गए

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि सीमा पर झड़प की पहली रिपोर्ट सामने आने के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में हवाई हमले किए। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि अफगानिस्तान तालिबान ने दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में प्रमुख सीमा चौकियों पर दो हमले किए, जिन्हें विफल कर दिया गया। एएफपी समाचार एजेंसी के मुताबिक, बुधवार सुबह कंधार प्रांत के दक्षिणी हिस्से में अफगान सीमा के पास स्पिन बोल्डक के नजदीक किए गए हमलों में 20 तालिबान लड़ाके मारे गए।



#### रातभर हुई झड़प में 30 लोग मारे गए: पाकिस्तानी सेना

रिपोर्ट में सेना के एक बयान के हवाले से कहा गया, दुर्भाग्य से यह हमला इलाके में बंटे हुए गावों पर किया गया, जहां नागरिक आबादी की कोई परवाह नहीं की गई। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि अपनी उत्तर-पश्चिमी सीमा पर रातभर हुई झड़प में 30 और लोग मारे गए हैं।

पाकिस्तान ने कहा कि उसने 'बिना उकसावे' के कुर्रम क्षेत्र में हुई गोलीबारी का जवाब दिया, कई तालिबान मारे और उनके आगे के ठिकानों और एक टैंक को नुकसान पहुंचाया। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट ने राज्य संचालित पाकिस्तान टेलीविजन (पीटीवी) के हवाले से एक्स पर यह जानकारी दी। पीटीवी ने रिपोर्ट में बताया कि पाकिस्तान तालिबान (टीटीपी) के का एक शीर्ष कमांडर बदले की कार्रवाई में मारा गया।

#### अफगानिस्तान का दावा- 15 लोग मरे और दर्जनों घायल

वहीं, अफगान अधिकारियों ने समाचार एजेंसी को बताया कि सीमा पर हुई ताजा हिंसा में 15 नागरिक मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं। रॉयटर्स ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान के ओरकजई जिले में सैनिकों और आतंकवादियों के बीच हुई झड़प में पाकिस्तानी अर्धसैनिक बल के छह सैनिक मारे गए और कई घायल हुए।

तालिबान शासन के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर आरोप लगाया कि उन्होंने फिर से जिले में हल्के और भारी हथियारों का इस्तेमाल किया। पिछले साप्ताहांत पर भी दोनों पक्षों के बीच झड़पें हुई थीं। तब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर जवाबी हमले किए थे। उसने काबुल पर हुए एक हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया था।

#### कई 'घुसपैठिए' पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया: तालिबान शासन

वहीं, तालिबान शासन के जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पोस्ट में कहा कि अफगान बलों ने कई 'घुसपैठिए' पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया, हथियार और टैंक जब्त किए और उनके ठिकानों को कब्जा कर लिया।

अफगानिस्तान ने शनिवार देर रात सीमा पर पाकिस्तानी सैनिकों पर हमले किए, जिसे उसने सात अक्तूबर की रात काबुल पर पाकिस्तानी सेना की ओर से किए गए हवाई हमलों का बदला बताया। अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसके हमलों में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। जबकि पाकिस्तान ने कहा कि आंकड़ा 23 है और उसने जवाबी कार्रवाई में 200 से अधिक तालिबान और उससे जुड़े लड़ाकों को मार गिराया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा चौकियां भी तनाव के कारण 12 अक्तूबर को बंद कर दी गईं।

# शहर की हवा ना हो खराब जारी है निगम का प्रयास

## उपकरणों के माध्यम से कराया जा रहा है वृहद स्तर पर पानी का छिड़काव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम शहर के विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी जन-जन को जागरुक कर रहा है जिसके क्रम में अनावश्यक रूप से धुआं न करने, खुले में कचरा ना जलाने, तंदूर का इस्तेमाल न करने तथा वायु गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए अपील की जा रही है, वायु गुणवत्ता सुधार के लिए गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग, जलकल तथा उद्यान विभाग की अहम भूमिका दिखाई दे रही है जिसमे पांचो जॉन अंतर्गत 45 वॉटर स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। 15 मल्टीफंक्शन एंटी स्मोक गण है, जो की 3 इन 1 है जिसमें वॉटर स्प्रिंकलर, एंटी स्मोक गण तथा वाटर कैनन के फांगसन है, जिसको विशेष रूप से वायु गुणवत्ता सुधार के लिए ही निगम द्वारा उपलब्ध कराया गया है।






### थ्री इन वन मल्टीप्ल फंक्शन एंटी स्मोक गण से हो रहा है पानी का छिड़काव

**करंट क्राइम।** नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया लगातार वायु गुणवत्ता सुधार के लिए गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग कार्य कर रहा है। महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार रोस्टर के क्रम में उपकरणों के माध्यम से पानी का छिड़काव हो रहा है वही स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान का कार्य भी किया जा रहा है। शहर की हवा में सुधार लाने के लिए हर संभव प्रयास गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है शहर की सड़कों को धूल मुक्त बनाने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी कहीं भी खुले में धुआं अनावश्यक आग लगने से ना हो सफाई मित्रों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।

### स्वच्छ हवा जीवन का आधार प्रयास से होगा वायु गुणवत्ता में सुधार, नगर आयुक्त ने शहर वासियों से की अपील

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा जहां शहर में अभियान के रूप में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए कार्य कराए जा रहे हैं वहीं शहर वासियों को भी हवा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अपील की जा रही है स्वच्छ हवा जीवन का आधार है जिसको शुद्ध बनाने के लिए निरंतर विभागों के द्वारा कार्यवाही की जा रही है वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सभी नागरिकों का प्रयास भी जरूरी है दीपावली का पर्व स्वच्छता से मनाये, हवा स्वच्छ बनी रहे तथा कोई भी कार्य ऐसा ना किया जाए जिससे वायु अशुद्ध हो, स्वच्छ वायु के लिए प्रयास करने हेतु अपील की जा रही है, रोस्टर के क्रम में कवि नगर मोहन नगर वसुंधरा विजय नगर तथा सिटी केसाथ-साथ इंदिरापुरम क्षेत्र में भी वायु गुणवत्ता सुधार का कार्य उपकरणों के माध्यम से पानी छिड़काव के साथ कराया जा रहा है ' तथा सड़कों को धूल मुक्त बनाने का कार्य भी जोरों पर है ' शहर को धूल मुक्त बनाने के लिए सी एंड डी वेस्ट का निस्तारण, तथा सड़कों को धूल मुक्त बनाना बेहद जरूरी है इसी के साथ वायु प्रदूषण फैलाने वाले कार्यों पर रोक लगाने के लिए हर निवासी से अपील की जा रही है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम जब बैठते हैं कहीं पर तो महसूस होती है ये बात? पहलवान की तरह उनके साथ घूमने वाले चेहरे भी करा रहे हैं कमांडर से दूरियों का एहसास? अब तिलकधारी हों या श्याम नारे? दोनों नहीं देते हैं ज्यादा शहर वालों को टाईम? बस कभी-कभी फोरमेल्टी पूरी करने के लिए आ जाते हैं, जैसे मामला नहीं हो फाईन? कहने वाले ने कहा या तो ये सब कुछ सोची समझी रणनीति का हिस्सा है? या फिर इन्होंने भी कम कर दी है संबंधों वाली शाईन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम भगवा पहलवान तक पहुंचाना चाहते हैं ये बात? उनके खास रिश्तेदार को आजकल पसंद नहीं आ रहा है उनका हद से ज्यादा सक्रियता वाला अंदाज? हमें पता है रिश्तेदार की नाराजगी के बारे में है पहलवान के दोस्त को भी जानकारी? पता नहीं उन्होंने की है या नहीं की है, इस नाराजगी को लेकर उनसे कोई रायशुमारी? कहने वाले ने कहा वजन भले ही कम हो गया हो पहलवान का? मगर दिमाग का सूरमा अभी भी पड़ रहा है अच्छे-अच्छों पर भारी? इसलिए उनकी सक्रियता देखकर हो रहा हो शायद उनके रिश्तेदार का दिल भारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो बहुत दिनों से कर रहे थे विकास की राह पर चलने वाले डागर भैया के बर्थडे का इंतजार? हम देखना चाहते थे कि पहलवान और पहलवान के दोस्त क्या दिखायेंगे फेसबुक पर बधाई डालकर मिस्टर डागर के लिए अपना प्यार? हम सुबह से लेकर शाम तक करते रहे इंतजार? मगर किसी ने भी नहीं कराये अपनी पोस्ट पर डागर भैया के दीदार? कहने वाले ने कहा एक समय डागर जी का दोनों के साथ था मामला फाईन? मगर उन्होंने बदल लिया था उस टाईम पर पाला? इसलिए दूर हो गई संबंधों की शाईन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी भगवा जिकजैक झा के पास पहुंचा देना बात? वो जिस फार्मेट पर बल्लेबाजी कर रहे हैं? वो पहुंचा सकता है उनकी दावेदारी को आघात? वो जिस पूर्व वाले वेस्टर्न वाले चेहरे को साध कर चाहना चाहते हैं पद? उन्हें शायद जानकारी नहीं है लगाने वाले इस सिफारिश के नाम पर लगा देंगे बड़ा कट? जब मिस्टर झा लगायेंगे इतिहास में गोते? तब निकल कर बाहर आयेंगे कुछ तोते? वो बतायेंगे किस से हैं सबंध खराब, इस बात की दांस्ता? फिलहाल तो झा साहब ने पकड़ा हुआ है अपने अनुसार रास्ता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा चौधरी और त्यागी के बीच झगड़ा नहीं हुआ है शांत? सुना है जमीन वाले मामले में काफी कुछ दावं पर लग गया है? इसलिए दोनों का मन है अशांत? पूरी सुशीलता से किसी ने दी है दोनों को सलाह कि तुम दोनों में कितना ही विवाद हो? मगर जमाने को दिखाने के लिए साथ में चलो? इसी से होगा भला? खुलकर झगड़ा करोगे तो बिगडेंगे हालात? रकम तो फिर भी कमा लोगे? मगर कैसे ठीक करोगे अपनी राजनीति के हालात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैम्बर स्वीट त्यागी चलते हैं कभी-कभी कड़वे वाले भी दांव? सामने वाले को वो एहसास ही नहीं होने देते? कौन दे रहा है उसको घाव? हम देख रहे है त्यागी जी के समर्थन में होर्डिंग लगाने वाले चेहरों ने कर दिया है स्थानीय भगवा कमिश्नर का फोटो दूर? कहीं न कहीं से तो ये संदेश उनको दिया गया होगा हूजूर? वो भी कर देते हैं एक तीर से कई शिकार? देखना जब आप ये बात लिखकर छाप लोगे तो जरूर प्रकट करेंगे वो इस पर अपने विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब नहीं बैठा था मैम्बर त्यागी जी का कार्यकारिणी में जाने वाला ताना-बाना? तब कई भगवा मैम्बर मार रहे थे उनको ताना? कह रहे थे आप खुद को बताते हो विधायक जी का खास? फिर क्या हुआ जो उन्होंने नहीं पूरी की आपकी मुराद? सुना है ये शब्द सुनकर मैम्बर त्यागी ने दिया जोरदार जवाब? कहा मैं विधायक जी के लिए पूरी वफा रखता हूं? राजकुमार स्टाईल में अपनी जेब में इस्तीफा रखता हूं? मैं उनके लिए कर सकता हूं अपनी पार्षदी कुर्बान? उनका हर संदेश हमारे सर माथे पर होता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उस वक्त उड़ाने वालों ने खूब उड़ाई थी नाखून कटवाकर शहीद होने वाली बात? मगर अब बताओ इस बात का कुछ असर दिखा है साहब? ना ही खुदा मिला है ना ही विसाल-ए-सनम? कुछ ऐसे ही दिख रहे हैं हालात? मान लो कि अगर वो हो गये होते नाखून कटवाकर ही शहीद? तो फिर मामला कोर्ट में क्यों चल रहा होता? हम गलत कह रहे है या ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मोटे तिलकधारी पड़ना चाह रहे थे डी वाले आर पर भारी? सुना है ऑफिस नहीं मिलने को लेकर दिखाया था रूख क्रान्तिकारी? पता चला है क्रान्ति के बाद अधिकारी ने कर दी है उनके खिलाफ शिकायत जारी? कहने वाले इस घटना के बाद कह रहे हैं कि जिस डाल पर हम बैठे हों उस पर नहीं चलानी चाहिए आरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मामला है इस पार का या उस पार का? हमें इतना तो नहीं है ध्यान? मगर एक भगवा त्यागी मैम्बर द यूनियन वालों की रडार पर आ गये हैं श्रीमान? इतना ही नहीं उनके क्षेत्र के काफी चेहरे हैं उनसे नाराज? वो नहीं बचा पायेंगे अगली बार अपना टिकट? ये लिखकर रख लो आप? कहने वाले ने कहा हमने उनकी गतिविधियों पर नजर बनाई हुई है पैनी? ना जाने कितना फायदा और कितना नुकसान पहुंचायेंगे मैम्बर साहब को उनके प्रिय सैनी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# स्वर्गीय कृष्ण मित्र की जन्म जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पॉज रस के महान कवि, विचारक स्वर्गीय कृष्ण मित्र की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पिता स्वर्गीय कृष्ण मित्र की जयंती पर उन्हें नमन किया। स्वर्गीय कृष्ण मित्र के पुत्र मनु वशिष्ठ ने भी अपने दादा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समाज के गणमान्य लोगों ने भी स्वर्गीय कृष्ण मित्र की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दीपावली के साथ-साथ छठ पर्व की तैयारी में जुटा निगम

## नगर आयुक्त ने सिंचाई विभाग तथा निगम अधिकारियों के साथ लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**गाजियबााद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सिंचाई विभाग तथा नगर निगम अधिकारियों के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया गया जिसमें मुख्य छठ घाट हिंडन पर चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया गया, मौके पर जेसीबी के माध्यम से हिंडन छठ घाट की सफाई का कार्य जोरों पर चलता मिला, निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारी चावल सिंह और अभियंता को छठ पर्व से 2 दिन पूर्व पानी की उचित व्यवस्था हिंडन घाट पर करने के निर्देश दिए, मौके पर उपस्थित प्रभारी प्रकाश आश कुमार को प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ आकर्षक लाइटों को लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए, निर्माण विभाग नरेंद्र कुमार चौधरी को हिंडन छठ घाट पर रंगाई पुताई का कार्य कराने के साथ मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया तथा घाटों पर बनने वाली छठ प्रतिमा के लिए अलग से स्थान निर्धारित करने के लिए कहा गया, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को अभियान के रूप में सफाई व्यवस्था सभी घाटों पर करने के निर्देश दिए गए, श्रद्धालुओं की आवश्यकता को देखते हुए बैठने की व्यवस्था, स्नान की व्यवस्था, चेंजिंग रूम की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था समय रहते करने के निर्देश दिए गए।





### छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु कराए जाएंगे इंतजाम : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा बताया गया दीपावली पर्व के साथ-साथ छठ पर्व की तैयारी भी निगम जोरों पर कर रहा है जिसमें सभी विभागीय अधिकारियों के साथ हिंडन छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें सिंचाई विभाग की टीम को भी तेजी से कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए, श्रद्धालुओं की आवश्यकता को देखते हुए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए कहा गया, हिंडन छठ घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं, तथा रात्रि में अधिकांश श्रद्धालु हिंडन छठ घाट पर रहते हैं जिनके लिए लेजर लाइट शो का आयोजन इस बार भी किया जा रहा है तथा भक्ति भाव से पूर्ण संगीतमय रात्रि के लिए अलग से तैयारी निगम द्वारा की जा रही है, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया।

# आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का नया युग

## संतोष डेंटल कॉलेज में एआई-संचालित क्लियर एलाइनर थेरेपी क्रांति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष डेंटल कॉलेज का ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग आधुनिक ऑर्थोडॉन्टिक देखभाल में एक महत्वपूर्ण बदलाव का नेतृत्व कर रहा है, जो आत्मविश्वास से भरी मुस्कान को आत्म-सम्मान का सबसे सच्चा प्रतिबिंब मानता है। यह उपचार डिजिटल 3डी इमेजिंग और एआई-आधारित योजना के साथ संचालित होता है।

संतोष डेंटल कॉलेज में विशेषज्ञ जोर देते हैं कि सही ढंग से संरेखित दांत केवल सौंदर्यबोध के बारे में नहीं हैं। वे मौखिक स्वास्थ्य में सुधार, मसूड़ों की बीमारी को रोकने और जबड़े के जोड़ पर अनावश्यक दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस डिजिटल क्रांति में सबसे आगे संतोष डेंटल कॉलेज का ऑर्थोडॉन्टिक्स विभाग है। एक आंतरिक, अत्याधुनिक एलाइनर प्रयोगशाला की स्थापना करके, विभाग रोगियों के लिए सर्वोत्तम गुणवत्ता और सामर्थ्य दोनों सुनिश्चित करता है।



प्रोफेसर और ऑर्थोडॉन्टिक्स प्रमुख (एवं पूर्व उपाध्यक्ष, भारतीय ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी) डॉ. राजीव अहलूवालिया के नेतृत्व में, विशेषज्ञ टीम डिजिटल मुस्कान डिजाइन, अक-सहायता प्राप्त एलाइनर थेरेपी और नैतिक, रोगी-केंद्रित देखभाल प्रदान करती है। डॉ. निशांत गुप्ता के नेतृत्व वाली एलाइनर लैब यह सुनिश्चित करती है कि हर मुस्कान की योजना उच्च सटीकता, तकनीक और करुणा के साथ बनाई जाए। डॉ. अहलूवालिया ने कहा, संतोष में, दंत-चिकित्सा का उद्देश्य केवल दांतों को सीधा करना नहीं है। इसका उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नैतिकता के माध्यम से आत्मविश्वास बहाल करना, स्वास्थ्य में सुधार लाना और व्यक्तियों को सशक्त बनाना है।

## पूर्व प्रत्याशी विशाल वर्मा ने दी नई कार्यकारिणी को बधाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधानसभा 56 (सदर गाजियाबाद) क्षेत्र की कार्यकारिणी की घोषणा होने पर पूर्व प्रत्याशी विशाल वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज खान सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नई टीम के नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति प्रदान होगी।




# सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद पटाखा कारोबारियों ने डीसीपी से मिलकर लाइसेंस जारी करने की मांग की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रकाश पर्व दीपावली पर पटाखा छोड़ने का फैसला आने के बाद गाजियाबाद के पटाखा व्यापारियों ने डीसीपी से मुलाकात कर जल्द से जल्द पटाखा लाइसेंस जारी करने की गुजारिश की है। पटाखा व्यापारियों ने डीसीपी को एक ज्ञापन दिया जिसमें जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए तुरंत पटाखा बेचने का लाइसेंस जारी करने की गुजारिश की। पटाखा कारोबारी आशुतोष गुप्ता ने कहा कि दिवाली आने में अब ज्यादा दिन नहीं बचा है सिर्फ तीन दिन बचा है ऐसे में प्रशासन की ओर से पटाखा बेचने का लाइसेंस अभिलंब जारी किया जाना चाहिए ताकि पटाखा कारोबारी अपनी दुकान सजा सके। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व में 40 अस्थायी लाइसेंस जारी किए गए थे इसी के



आधार पर तुरंत अस्थाई लाइसेंस जारी किया जाए। मौके पर कुलदीप सिंह संजीव गुप्ता और आलोक बड़कू आदि उपस्थित थे।

**मुलाकात**



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी व युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आशीष चौधरी ने दिल्ली आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

# व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीन भाटी ने किया दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन






**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** उत्तम भवन राजेंद्र नगर में व्यापार मंडल साहिबाबाद द्वारा दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन व्यापार मंडल साहिबाबाद विधानसभा के अध्यक्ष प्रधान प्रवीन भाटी एवं कविता भाटी पार्षद वार्ड 83 के सौजन्य से बड़े हर्ष और उल्लास के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध भजन गायक भूषण खन्ना के द्वारा भजनों के माध्यम से किया गया। अशोक गुप्ता आटे वालों ने अपनी कविता के माध्यम से संदेश देते हुए स्वदेशी को अपनाने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाचार्य बृजेश जादौन द्वारा किया गया। परम श्रद्धेय गिरीश आचार्य ने अपने उद्बोधन में दीपावली मिलन समारोह को प्राचीन परंपरा से जोड़ते हुए उसकी आवश्यकता पर बल दिया इसके उपरांत सभा में उपस्थित विंग कमांडर सक्सेना जी ने एकजुट रहने की अपील की और कहा कि एकता में ही शक्ति है। अंत में इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संस्था के प्रेरणा स्रोत सील बरेजा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर व्यापार मंडल साहिबाबाद की संरक्षक हरि ओम कसाना एवं भारत विकास सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील माहेश्वरी की गरिमा में उपस्थित रही।

सभी लोगों ने अंत में सामूहिक रूप से जलपान किया एवं व्यापार मंडल की ओर से प्रसाद लेकर अपने-अपने निवास को प्रस्थान किया। इस कार्यक्रम में नरेश चौहान मधुसूदन शर्मा, डाक्टर अनिल शर्मा, सुशील कुमार, मास्टर प्रवीन शर्मा, के डी शर्मा, प्रमोद सिंघल, मुकेश शर्मा, महिपाल बंसल व्यापारी गण व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।